

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 150 | ग्वालियर रविवार, 19 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# अब भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन पर लोग एकजुट हो रहे हैं, बोले पीएम मोदी, राहुल गांधी पर भी किया वार

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार (18 मार्च) को बिना नाम लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला. पीएम ने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में कहा कि आज कुछ लोग भारत को नीचा दिखाने की बातें करते हैं. हम जानते हैं कि कुछ अशुभ होता है तो काला टीका लगाने की परंपरा होती है. कुछ लोगों ने इन शुभ मुहूर्तों में काला टीका लगाने का जिम्मा लिया है. इसलिए कि नजर न लग जाए. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का सामर्थ्य दुनिया देख रही है. आज प्रॉमिस के साथ परफॉर्मेंस भी जुड़ गई है. पहले हेडलाइन होती थी कि इस सेक्टर में घोटाला हुआ, उसमें हुआ. आज भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एक्शन की खबरें आती हैं. अब 'भ्रष्ट' अपने खिलाफ कार्रवाई के कारण हाथ मिला रहे हैं. पीएम मोदी ने कहा कि पहले बम धमाके, नक्सली हमले की खबरें आती थीं. आज उन क्षेत्रों में विकास हो रहा है. आज पैसा सीधा गरीबों के खाते में जाता है. हमने शासन को ह्यूमन टच दिया है. बिना ह्यूमन टच गवर्नेंस के हम कोविड को हरा नहीं सकते थे. विपक्षियों पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग हमारे लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं, लेकिन भारत आगे बढ़ता रहेगा.उन्होंने कहा कि हर देश की विकास की यात्रा में उतार चढ़ाव आते रहते हैं. ये भारत का समय है, ये सही समय है. दुनिया भी मान रही है कि ये भारत का समय है. कुछ देश जो पहले आगे बढ़े उनके सामने



ऐसी परिस्थितियां नहीं रही, लेकिन जिस स्थित में भारत आगे बढ़ रहा है वो चुनौतियां अलग हैं. 100 साल में सबसे बड़ी महामारी आई, रूस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है, दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था अस्त व्यस्त है. ऐसे में भारत की तारीफ होना छोटी बात नहीं है. भारत से चोरी की गई कलाकृतियों को वापस करने के लिए देशों के बीच प्रतिस्पर्धा है.पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को लेकर विश्वास से भरी हुई है. आज भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है. भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है. ये एक नया इतिहास बन रहा है. इसी साल के इन बीते 75 दिनों में भारत ने कई मुकाम हासिल किए हैं. हमने सड़क, रेल, एयरपोर्ट से जुड़े कई विकास के कार्य किए हैं. देश की महिला क्रिकेट टीम ने अंडर-19 का वर्ल्ड कप जीता है. भारत ने दो ऑस्कर जीते हैं. जी-20 की 28 से ज्यादा बैठकें हो चुकी हैं. कुछ घंटे पहले ही भारत बांग्लादेश गैस पाइपलाइन का लोकार्पण हुआ है

## एक नजर

### धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका, बाबा ने कहा- बागेश्वर का दरबार तो अमृत है.



बालाजी महाराज धीरेंद्र शास्त्री अपने चमत्कारों और बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं. मुंबई में एक बार फिर बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री को लेकर माहौल गर्मा गया है. दरअसल, धीरेंद्र शास्त्री ने मुंबई के मीरा रोड पर दिव्य दरबार आयोजित किया है. शास्त्री ने एक बार फिर मुंबई में 18 और 19 मार्च को दिव्य दरबार लगाया है. बागेश्वर धाम बाबा के इस दो दिवसीय दरबार के खिलाफ वकील नितिन सतपुते ने क्ष्भ्द्वड्ढ4 ॥द्बद्घ ष्थ्वह्ल्ह में याचिका दायर की है. इसमें धीरेंद्र शास्त्री को मीरा रोड पर दिव्य दरबार आयोजित करने से रोकने की मांग की गई है.

**बागेश्वर धाम सरकार पर अंधविश्वास फैलाने का आरोप-** याचिका में लिखा गया है कि महाराष्ट्र में ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट 2013 कानून लागू है. इसके तहत कोई भी व्यक्ति अंधविश्वास नहीं फैला सकता है. इसके बावजूद अगर कोई शख्स ऐसा काम करता है तो उसे रोकना चाहिए. यही नहीं, अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति ने भी उनके खिलाफ जादू टोना करने का आरोप लगाया है और उनके कार्यक्रम को रोकने के लिए मुंबई के मीरा रोड पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है.

**विरोध करने वालों पर बरसे बाबा धीरेंद्र शास्त्री-** धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को रोकने के लिए कई राजनीतिक दलों ने भी विरोध दर्ज कराया है. ऐसे में धीरेंद्र शास्त्री ने कार्यक्रम को लेकर कहा कि लोगों का काम है बोलना, वे बोलते रहेंगे. उन्होंने कहा कि शहद अमृत है लेकिन कुत्ता चाट ले तो वो मर जाता है. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि बागेश्वर बाबा का दरबार तो अमृत है लेकिन कुछ लोग बाबा के दरबार को नहीं पचा पाते हैं.धीरेंद्र बाबा ने आगे कहा कि जय श्री राम, बन रहा है काम, विरोधियों की नींद हराम. दरबार के बीच में उन्होंने कहा कि हम जब तक जिएंगे राम का नाम लेते रहेंगे. उन्होंने कहा कि भारत के लोग तांत्रिक के चक्कर में नहीं पड़ेंगे.

### वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन, बाथरूम में गिरने से गई जान

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का आज सुबह (14 मार्च) को निधन हो गया. उनके पीए मोहन ने बताया, आज सुबह करीब 9 बजे वह बाथरूम में फिसल गये थे, उसके तुरंत बाद उनको घर के पास स्थित प्रतीक्षा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया. वेद प्रताप वैदिक हिंदी भाषा के जाने माने पत्रकार थे, उन्होंने 78 साल की उमर में अंतिम सांस ली. आखिरी बार वह अखबार की सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड और आतंकी हाफिज सईद का इंटरव्यू किया था. उनका इंटरव्यू काफी चर्चा में रहा था. वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का जन्म 30 दिसंबर 1944 को मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में जेएनयू से पीएचडी की थी. वह चार साल तक दिल्ली में राजनीति शास्त्र के टीचर रहे. उनकी फिलॉस्फी और राजनीतिशास्त्र में भी काफी दिलचस्पी रही. हाफिज सईद का इंटरव्यू लेने के बाद जब पूरे देश में हंगामा मच गया था, तो दो सांसदों ने उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाकर उनको गिरफ्तार करने की मांग की थी. इस पर वैदिक ने टिप्पणी की थी, और कहा था, दो सांसद ही नहीं पूरे 543 सांसद सर्वकुमति से एक प्रस्ताव पारित करें और मुझे फांसी पर चढ़ा दें. मैं ऐसी संसद पर थूकता हूं. दिवगंत



पत्रकार वेद प्रताप वैदिक बहुत ही योग्य संपादकों में से एक माने जाते हैं. उन्होंने 12 सालों तक नवभारत टाइम्स के एडिटोरियल संपादक के रूप में काम किया था. इसके अलावा उन्होंने अफगानिस्तान पर शोध किया था. इसके अलावा वह लंदन, मॉस्को समेत 50 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके थे.

### फ्लाइट की तरह ट्रेन में महिला यात्री के साथ गंदी हरकत

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल फ्लाइट में महिला यात्री पर पेशाब करने का मामला अभी ठंडा नहीं पड़ा कि ट्रेन में यात्रा कर रही एक महिला ठीक ऐसी ही अभद्रता की शिकार हुई हैं. यह घटना अमृतसर से कोलकाता जा रही अकाल तख्त एक्सप्रेस में रविवार रात को हुई है. इस महिला के साथ यह हरकत किसी यात्री ने नहीं बल्कि एक टीटी ने की है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है. महिला के साथ यह हरकत रात के वक्त हुई है. जब टीटी ने उसके सिर पर पेशाब की तो उसने शोर मचाना शुरू किया, जिसके बाद तत्काल आसपास के लोगों ने पकड़ लिया और अगली सुबह यानी सोमवार को लखनऊ के चारबाग जीआरपी के हवाले कर दिया. बताया जा रहा है कि टीटी उस वक्त नशे की हालत में था. यात्रा के दौरान टीटी का शराब के नशे में होना भी जांच का विषय है. फिलहाल उसे जीआरपी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जीआरपी इंस्पेक्टर ने मीडिया को बताया कि पीड़ित महिला अमृतसर की रहने वाली है जो कि ए1 कोच में सफर कर रही थी. महिला के साथ जब यह घटना हुई तो उस वक्त रात के करीब 12 बज रहे थे.

## कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे से मिले सीएम अशोक गहलोत, सचिन पायलट से मतभेद पर अब दिया ये बयान



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार (18 मार्च) को दिल्ली में कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की. इस मीटिंग के बाद उन्होंने सचिन पायलट से मतभेदों को लेकर बड़ा बयान दिया.

अशोक गहलोत ने कहा कि कोई मतभेद नहीं है. हमारी पार्टी में छोटे-छोटे मतभेद होते रहते हैं, हर राज्य में सभी पार्टियों के साथ ऐसा होता है, लेकिन हम एक साथ चुनाव लड़ेंगे, जीतेंगे और सरकार बनाएंगे.उन्होंने आगे कहा कि हमारी पार्टी में कोई बहस का विषय रहता ही नहीं है. हम सब मिलकर चुनाव लड़ते हैं, जीतते हैं फिर हाईकमान जो फैसला लेती है वो हमें मंजूर होता है. हमारी पार्टी में कोई मतभेद नहीं है. हम सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे. दरअसल, राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और सीएम गहलोत के बीच के मतभेद कई बार खुलकर सामने आ चुके हैं. कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के समय दोनों शीर्ष नेताओं की ओर से एक दूसरे के खिलाफ जमकर बयानबाजी की गई थी. जिसमें गहलोत ने पायलट को गद्दार तक कह दिया था.इसी बीच अशोक गहलोत ने चुनावी साल में एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए शुक्रवार को राजस्थान में 19 नए जिलों की घोषणा भी की. मुख्यमंत्री ने कहा कि नए जिलों के गठन का अध्ययन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था और राज्य सरकार को इसकी रिपोर्ट मिल गई है. इस तरह राज्य में अब 19 नए जिले होंगे. उन्होंने नए जिलों और संभागो के लिए पहले चरण के कार्यान्वयन के लिए 2,000 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया था.

## 'बिजली कर्मचारियों की हड़ताल पर सीएम योगी ने बुलाई आपात बैठक, आनन-फानन में पहुंचे ऊर्जा मंत्री एके शर्मा

यूपी में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से कई जिलों में बिजली आपूर्ति



चरमरा गई है. हालात बिगड़ते देख सीएम योगी ने खुद संज्ञान लिया और वाराणसी से लखनऊ पहुंचते ही इस मुद्दे पर बैठक बुलाई. सीएम योगी ने जिस वक्त बैठक बुलाई, उस वक्त उर्जा मंत्री एके शर्मा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे. जानकारी के मुताबिक, बैठक में पहुंचने के लिए वह प्रेस कॉन्फ्रेंस बीच में ही छोड़कर चले गए. इस बैठक में सीएम योगी के तेवर काफी तल्ख दिखे.-देश में बिजली की समस्या को लेकर सीएम योगी ने नाराजगी जताई और हड़ताल को शीघ्र ही खत्म करवाने के दिए निर्देश. सीएम योगी ने कहा कि अराजकता पैदा करने वाले बिजली कर्मचारियों को सूचीबद्ध करें. बिजली फीडर बंद करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें. बता दें कि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के दूसरे दिन प्रदेश भर में एक लाख से ज्यादा विद्युत कर्मचारी हड़ताल पर हैं. हड़ताल पर गए कर्मचारियों की मांगेंऊर्जा निगमों के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक का चयन समिति से कराना. पूर्व की तरह मिल रहे तीन पदोन्नति पदों के समयबद्ध वेतनमान का आदेश हो. बिजली कर्मियों के लिए पावर सेक्टर एम्पलाइज प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए. ट्रांसमिशन के विद्युत उप केंद्रों के ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस की आउटसोर्सिंग बंद हो. नए विद्युत उप केंद्रों का निर्माण ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन से कराए जाने की मांग. संविदा निविदा कर्मियों को अलग-अलग निगमों में मिल रहे मानदेय की विसंगति दूर हो.भत्तों के पुनरीक्षण एवं वेतन विसंगतियों का निराकरण हो. सस्ती बिजली उपलब्ध कराने वाले विद्युत उत्पादन निगम को ओबरा एवं अनपरा में दो इकाइयां दी जाएं.ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दी चेतावनीऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने हड़ताल पर जाने वाले कर्मचारियों को चेतावनी दी है. उन्होंने कहा, ÷हड़ताल के दौरान सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और काम पर आ रहे कर्मचारियों से अभद्रता करे वालों के खिलाफ एस्मा के तहत एक्शन लिया जाएगा.÷

## नाबालिग के सिर और पीठ पर हाथ फेरना गलत नहीं

**बंबई।** हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने 2012 के मामले में आदेश सुनाते हुए 28 साल के व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द कर दिया. इसके साथ ही बेंच ने कहा कि किसी गलत नीयत के बिना नाबालिग लड़की की पीठ और सिर पर हाथ फेर देने से उसकी लज्जा भंग नहीं होती है.

जानकारी के मुताबिक मामला 2012 का है. जिसमें 18 साल के शख्स पर 12 साल की एक लड़की की लज्जा भंग करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था. पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने उसकी पीठ और सिर पर हाथ फेरते हुए कहा था कि वह बड़ी हो गई है. अदालत ने 10 फरवरी को मामले में फैसला सुनाया था, जिसकी कॉपी कल यानी 13 मार्च को आई. जस्टिस भारती डांगरे की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा है कि दोषी का कोई गलत इरादा था. उन्होंने कहा कि उसकी बात से लगता है कि वह पीड़िता को बच्ची के तौर पर ही देख रहा था. जस्टिस भारती डांगरे ने कहा कि किसी



भी महिला की लज्जा भंग करने के लिए उस तरह की मंशा रखना महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि पीड़िता ने भी व्यक्ति के किसी गलत इरादे का उल्लेख नहीं किया है, उसने बस यह कहा कि उसे कुछ गलत हरकतों की वजह से असहज महसूस हुआ. अदालत ने कहा कि प्रॉसिक्यूटर यह साबित नहीं कर पाया कि अपीलकर्ता का इरादा लड़की की लज्जा भंग करने का था. प्रॉसिक्यूटर से मिली जानकारी के मुताबिक 15 मार्च 2012 को अपीलकर्ता 18 वर्ष का था और वह कुछ डॉक्यूमेंट देने लड़की के घर गया था. लड़की उस समय घर अकेली थी. उसने लड़की के सिर और पीठ पर हाथ फेरा जिससे वह घबराकर मदद के लिए चिल्लाने लगी. लोअर कोर्ट ने इस मामले में व्यक्ति को दोषी ठहरा दिया था. जिसके बाद व्यक्ति ने हाई कोर्ट का रुख किया था. हाई कोर्ट ने अपने फैसला में यह कहा कि लोअर कोर्ट का फैसला सही नहीं है.

## महाराष्ट्र की सत्ता पर बेईमान और चोरः संजय राउत



महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक खींचतान के बीच एक बार फिर से उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने शिंदे गुट पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कोई सत्ता संघर्ष नहीं है. महाराष्ट्र की सत्ता पर जिस तरह से बेईमान और चोर बैठे हैं उनके खिलाफ शिवसेना कोर्ट में गई है. सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है. उन्होंने विश्वास जताया है कि जिस तरह से सुनवाई चल रही है उन्हें न्याय मिलेगा. दरअसल, महाराष्ट्र में उद्धव और शिंदे गुट के बीच तमाम मुद्दों को लेकर तकरार जारी है. शिवसेना का नाम और चुनाव चिह्न हाथ से जाने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को सोमवार को एक और बड़ा झटका लगा. उनके करीबी और ठाकरे (यूबीटी) गुट के वरिष्ठ नेता सुभाष देसाई के बेटे भूषण देसाई मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए हैं. इससे पहले उद्धव गुट ने चुनाव आयोग के फैसले का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. हालांकि, कोर्ट से इस मामले में किसी तरह की कोई राहत नहीं मिली. सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना मानने और पार्टी का नाम और सिंबल आवंटित करने के चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. इससे पहले शिवसेना के सांसद संजय राउत ने सोमवार (13 मार्च) को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर बीजेपी विधायक राहुल कुल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराने की मांग की थी.

## क्या बीजेपी की इस चाल से लोकसभा से सस्पेंड हो जाएंगे राहुल गांधी?

राहुल गांधी ने ब्रिटेन की पार्लियामेंट में एक स्पीच दी थी. इसके बाद बीजेपी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र का अपमान किया है. हालांकि कांग्रेस और राहुल गांधी इन आरोपों को खारिज करते आए हैं. अब बीजेपी ने लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला से एक विशेष समिति का गठन करने को कहा है.ये समिति इस बात



का पता लगाएगी कि क्या सच में राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान देश की लोकंतत्र का अपमान किया. अगर ऐसा सच में हुआ तो राहुल गांधी को संसद से निलंबित किया जा सकता है.28 फरवरी को राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कहा था कि हर कोई जानता है कि भारतीय लोकतंत्र पर हमले किए जा रहे हैं. संसद, प्रेस, न्यायपालिका ... सभी मजबूर हो गए हैं. 6 मार्च को एक चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने चैथम हाउस में ये कहा था कि ये एक भारतीय समस्या है कि सबको लगता है कि समाधान अंदर से आएगा... लेकिन लोकतंत्र का मतलब ये होता है कि लोगों की सहमती से हर काम हो... ऐसे में ये लोकतंत्र का पतन होने जैसा है. भाजपा ने राहुल गांधी के इस बयान को अपमानजनक बताया, भाजपा का ये कहना है कि ये बयान कांग्रेस की सोची-समझी साजिश है. एक रणनीति के तहत कांग्रेस देश के बाहर भाजपा को बदनाम करने की कोशिश कर रही है.भाजपा राहुल गांधी के मुद्दे को बहुत गंभीर मान रही है. बीजेपी का कहना कि हम चाहते हैं कि इसे पूरी संवेदनशीलता से लिया जाए. केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ये कह चुके हैं कि यह मामला विशेषाधिकार का हनन है और हम इससे निबटने के लिए सभी उपलब्ध साधनों, नियमों , कानूनों और परंपराओं का इस्तेमाल करेंगे.रिजिजू ने ये कहा था कि, राष्ट्र से जुड़ी कोई भी चीज सभी के लिए चिंता का विषय है. ऐसे में हम ये परवाह नहीं करेंगे कि कांग्रेस या उसका नेतृत्व मौजूदा वक्त में किन हालातों से गुजर रही है, अगर कोई भी पार्टी देश का अपमान करती है तो हम चुप नहीं रह सकते हैं.रिजिजू ने ये तर्क दिया कि मौजूदा समय में भारत विरोधी ताकतों की भाषा एक ही है. वे एक ही लय में बोलते हैं. इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल राहुल गांधी ने भी किया है.

## वैश्विक खाद्य संकट के समाधान में भारत बनेगा अगुआ, मोटा अनाज मुहिम से बदलेगी तस्वीर

वैश्विक खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने में भारत की भूमिका भविष्य में बेहद महत्वपूर्ण होने वाली है. भारत में इतनी क्षमता है कि वो इस क्षेत्र में दुनिया की अगुवाई कर सकता है. इस दिशा में भारत ने एक कदम और बढ़ाया है और वो कदम है मोटे अनाज को लेकर वैश्विक मुहिम.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 मार्च (शनिवार) को नई दिल्ली में दो दिवसीय वैश्विक मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन (त्नद्यश्ड्डद्य स्र्द्यद्यद्गह्लद्य ष्टश्ठ्ठद्बद्गह्लद्गठ्ठष्द्ध) का उद्घाटन किया. इस मौके पर पीएम मोदी ने भी कहा कि मोटा अनाज खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने में मदद कर



सकता है. इसके साथ ही इससे खान-पान से संबंधित आदतों से जुड़ी चुनौतियों से भी निपटने में मदद मिल सकती है.भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष यानी इंटरनेशनल मिलेट इयर घोषित किया है और इसी के तहत दिल्ली में दो दिवसीय वैश्विक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है. पीएम मोदी ने इसे भारत के लिए सम्मान की बात बताया. कई देशों के कृषि मंत्री समेत, दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से कृषि, पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले वैज्ञानिक और एक्सपर्ट्स हिस्सा लेने भारत आए हैं. इसके साथ ही भारत के 75 लाख से ज्यादा किसान भी वर्चुअली उद्घाटन समारोह का हिस्सा बने.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब दुनिया इंटरनेशनल मिलेट इयर मना रही है,

# थाना सीहोर द्वारा दीगर जिले से अवैध हाथ भट्टी की जहरीली शराब बेचने आये आरोपी को 60 लीटर शराब के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा अवैध मादक पदार्थो एवं अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही के लिये समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जा रहा है । जिसके तारतम्य मे कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना सीहोर द्वारा 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची जहरीली शराब जप्त कर एक आरोपी की गिरफ्तार किया है ।दिनांक 18.03.23 को थाना प्रभारी सीहोर उनि. मुकेश दुबोलिया को मुखबिर सूचना मिली की ग्राम छितरी नहर की पुलिया के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक की कैनों मे हाथभट्टी की कच्ची जहरीली शराब लिये खडा है । थाना प्रभारी सीहोर द्वारा मुखबिर की सूचना से बरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एवं अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे पुलिस टीम बनाकर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम छितरी नहर की पुलिया के पास पहुचा तो एक व्यक्ति दो प्लास्टिक की पीले रंग की कैनों को रखे बैठा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस टीम की मदद से घेरकर पकड़ा एवं पूछताछ की गई, उसके पास रखी प्लास्टिक की कैनों की जांच की गयी तो कैनों 30-30 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची जहरीली शराब पाई गयी । उक्त आरोपी नि.ग्राम कैरूआ थाना भितरवार से अवैध शराब बैचने आया था, जिसके कब्जे से दो प्लास्टिक कैनों मे कुल 60 लीटर अवैध जहरीली शराब कीमती करीबन 6500 रुपये की विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीहोर उनि. मुकेश दुबौलिया, प्रआर. बेताल गुर्जर, आर. रंजोर रावत, सतेंद्र रावत, जशवंत परिहार, पवन पुरी एवम् दीपक की सराहनीय भूमिका रही ।



# पिछोर में निकली माँ कर्मा देवी की शोभा यात्रा



**महेन्द्र सिंह रजक**
**-पुष्पांजली टुडे पिछोर**

साहू समाज की कुल देवी एवं भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त माँ कर्मा देवी की जयंती साहू समाज ने नगर पिछोर में शोभा यात्रा निकालकर ब? धूमधाम से मनाई शोभा यात्रा में साहू समाज के लोगों ने चढ बढकर हिस्सा लिया जिसमें हजारों की संख्या में लोग एक शामिल हुए ये सोभा यात्रा नगर की गलियों से होते हुए टेकरी सरकार मंदिर बस स्टैंड कॉलेज चोराहे से होते हुए साहू समाज मंदिर राजा महादेव पहुँची इस यात्रा में साहु समाज के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव महासचिव कोषाध्यक्ष एवं अन्य सभी कार्यकर्ता सामिल रहे

**करौली माता के पैदल दर्शन करने जा रहे 8 श्रद्धालु चम्बल नदी मैं बहे**

# ग्राम चिलावद से 17 लोगो का जत्था जा रहा था दर्शन के लिए



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जिले के कोलारस अनुविभाग के तेंदुआ थाना क्षेत्र के चिलावद गांव से बीते 14 मार्च को पैदल पैदल मां कैला देवी के दर्शन करने निकला श्रृद्धालुओं का जत्था आज चंबल नदी में हादसे का शिकार हो गया है। यह हादसा श्योपुर, मुरैना और राजस्थान के बॉर्डर के बीच हुई। श्रृद्धालुओं के जत्थे में 17 लोग थे। 9 लोग सुरक्षित हैं। इस हादसे में 8 लोग बह गए है। जिसमें से 3 लोगों की लाश मिल गई है। अभी इस हादसे के 5 लोग लापता है। इस मामले की सूचना पर श्योपुर जिले के बीरपुर थाना प्रभारी,मुरैना जिले के टैंटरा थाना प्रभारी सहित राजस्थान पुलिस मौके पर रेश्क्यू अभियान चला रही है।बताया जा रहा है कि यह श्रृद्धालुओं का जत्था 14 मार्च को कोलारस के चिलावद से निकला था। जिसमें आमने सामने दो परिवारों के 17 लोग रवाना हुए थे। जहां यह चंबल नदी में एक दूसरे का हाथ पकडकर चंबल ?नदी पार कर रहे थे। तभी चंबल नदी में घडियाल आ गया। जिसके चलते घडियाल को देखकर इनमें भगदड मच गई। जिसमें सभी लोग भागने लगे। कुछ लोग गहरे पानी में चले जिसके चलते वह डूब गए।

**यह 17 लोगों का जत्था गया था कैलादेवी**-कोलारस के चिलावद से जो जत्था निकला है उसमें देवकीनंदन पुत्र हीरा कुशवाह उम्र 50 साल, अलफा पत्नी देवकीनंदन उम्र 35 साल,दीपक कुशवाह पुत्र देवकीनंदन उम्र 35 साल, रुकमणी कुशवाह पत्नी दीपक कुशवाह 31 साल,लव कुश पुत्र शानसिंह कुशवाह उम्र 12 साल, संतरा पत्नी सेवक कुशवाह उम्र 40 साल,सुनील पुत्र सेवक कुशवाह उम्र 22 साल, श्रीमती लक्ष्मी पत्नी सुनील कुशवाहा उम्र 20 साल,चैक पुत्र काकूरी कुशवाह उम्र 45 साल,श्रीमती कल्लोबाई पत्नी चेक कुशवाह उम्र 43 साल, बृजमोहन पुत्र पप्पू कुशवाहा उम्र 18 साल, राकेश पुत्र मुरारी कुशवाह उम्र 45 साल,संपत पत्नी राकेश कुशवाह उम्र 43 साल,धनीराम पुत्र खेरा कुशवाह उम्र 25 साल, रामश्री पत्नी बचन लाल कुशवाह उम्र 50 साल सहित जानकी कुशवाह जो कि इन्ही का रिश्तेदार है वह कोलारस से गया था।बताया जा रहा है कि इस हादसे में देवकीनंदन पुत्र हीरा कुशवाह उम्र 50 साल और कल्लोबाई पत्नी चौऊ कुशवाह उम्र 43 साल की लाश मिल गई है। राजस्थान पुलिस को एक और लाश मिली है। परंतु इस लाश की शिनाक्त नहीं हो सकी है। इसके साथ ही खबर लिखे जाने तक रुकमणी कुशवाह पत्नी दीपक कुशवाह 31 साल,रश्मि कुशवाह, अलफा पत्नी देवकीनंदन उम्र 35 साल, लवकुश पुत्र शान सिंह कुशवाह उम्र 12 साल, बृजमोहन पुत्र पप्पू कुशवाह उम्र 18 साल सभी निवासी चिलावद लापता है। पुलिस लगातार सर्च आपरेशन चलाकर इनकी तलाश कर रही है।

# म.प्र.विधानसभा मै वित्त मंत्री ने पुरानी पेंशन देने से किया इंकार,सरकार के रुख से कर्मचारी निराश :रावत

**कांग्रेस ने कहा सरकार बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को देंगे पुरानी पेंशन**

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - प्रदेश के कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे है कर्मचारियों द्वारा प्रदेश के समस्त विधायकों कोकई बार ज्ञापन दिए एवं जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय के नाम सेंक?ो बार ज्ञापन दिए भोपाल में बड़े-बड़े प्रदर्शन पेंशन की मांग को लेकर किये जिलों मै भी सम्मेलन आयोजित किए गए लेकिन विगत दिवस विधानसभा में बजट सत्र के दौरान वित्त मंत्री द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि सरकार का अभी कर्मचारियों पुरानी पेंशन देने का कोई विचार नहीं है यह कर्मचारियों के लिए घोर निराशाजनक है अखिल भारतीय पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा प्रेस को दी गई विज्ञप्ति में बताया गया कि अब कर्मचारियों को वर्तमान सरकार से कोई अपेक्षा नहीं रही प्रदेश के कर्मचारी अपने भविष्य के प्रति चिंतित भी हैं और यह मांग अब विधानसभा चुनाव के बाद तक के लिए लंबित होना



प्रतीत हो रही है द्य क्योंकि वर्तमान सरकार पेंशन देगी नहीं,नई सरकार भी कुछ समय बाद ही कर्मचारियों की बात पर विचार करेगी यदि वर्तमान सरकार पुरानी पेंशन बहाल कर देती तो प्रदेश के कर्मचारियों को विधानसभा चुनाव से पहले एक तोहफा होता उनके बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन बहाल हो जाती कर्मचारी खुशी महसूस करता 5 राज्यों के साथ मध्यप्रदेश भी छठा राज्य बन जाता पुरानी पेंशन बहाल करने वाला दूसरी ओर विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने विधानसभा से सरकार द्वारा पुरानी पेंशन नहीं देने की बात पर विधानसभा से वाकआउट किया यह मध्य प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है कर्मचारियों की आवाज पुरानी पेंशन की गूंज विधानसभा में सुनाई दी और विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी खुले मंच से कह रही है हमारी सरकार बनने पर प्रदेश मै पुरानी पेंशन बहाल करेंगे, लेकिन पेंशन की मांग अब थोड़ी लंबी हो गई है इसमें कोई शक नहीं अभी भी संगठन लाखों कर्मचारियों के हित में सरकार से मांग करता है विधानसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन बहाल करें

**कलेक्टर ने पिछोर खनियाधाना क्षेत्र में ओलावृष्टि प्रभावित गांव का किया भ्रमण**

# चार दिन में सर्वे पूरा करने के लए निर्देश

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**शिवपुरी** में पिछले दो दिन में कई क्षेत्रों में वर्षा हुई है। पिछोर, खनियाधाना और करैरा क्षेत्र में ओले भी गिरे हैं जिसमें पिछोर क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हुए हैं। ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसल का भी नुकसान हुआ है। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी शनिवार को पिछोर और खनियाधाना क्षेत्र के भ्रमण के लिए पहुंचे। उन्होंने ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया और चार दिवस में फसल क्षति का सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने पिछोर वखनियाधाना क्षेत्र के ग्राम लहर्रा, पचराई और डबरा गांव में पहुंचकर फसल क्षति का जायजा लिया और किसानों से चर्चा की और कहा कि राजस्व व कृषि विभाग की टीम को निर्देशित किया गया है। जिसकी फसल का नुकसान हुआ है उसका सर्वे किया जा रहा है। जिन किसानों की फसल क्षति हुई है, उन्हें शासन द्वारा नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा इसलिए किसान परेशान ना हो। भ्रमण के दौरान एसडीएम विजेंद्र यादव, पिछोर तहसीलदार अखिलेश शर्मा, खनियाधाना तहसीलदार सुनील प्रभास, कृषि विभाग के उपसंचालक यूएस तोमर, सहायक संचालक श्रीमती किरण रावत सहित अन्य स्थानीय अमला मौजूद रहा।कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने सभी पटवारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। फसल क्षति का सर्वे 4 दिन में पूरा होना चाहिए। यदि किसी की भी लापरवाही देखी गई तो कार्यवाही होगी। राजस्व विभाग और कृषि विभाग का अमला संयुक्त रूप से समन्वय से काम करें।

# राज्यमंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव पहुँचे खेतों पर ओलावृष्टि में फसलों के हुए नुकसान का कलेक्टर के साथ लिया जायजा


**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**मुंगावली संवाददाता जितेंद्रराय**

मध्यप्रदेश सरकार के लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव और कलेक्टर श्रीमती आर उमा माहेश्वरी के साथ विधानसभा मुंगावली के ग्राम बिल्हेरू साबलहेडा कांकर खुटिया बामोरी भेड़का बाड़ोली गुन्हेरु अमनचार मैं ओलावृष्टि ओर तेज हबा के साथ हुए किसानों की फसलों के नुकसान का जायजा लिया अलग-अलग स्थानों पर किसानों को ओलावृष्टि और तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा के कारण नुकसान हुआ है खेतो में धनियां सरसो चना गेंहू की खड़ी हुई फसलों में अधिक नुकसान हुआ है कटीहुई फसलों में दाने नीचे गिर गए है



राज्यमंत्री ओर कलेक्टर ने सर्वे दल गठित कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए राज्यमंत्री श्री यादव ने कांकर में ग्रामीण जनों के बीच पहुँचकर ढांढस बंधाया ?र किसानों के ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार पूरा सहयोग करेगी और बीमा कंपनी से भी नुकसान की भरपाई कराने को कहा साथ जल्दी ही किसानों को उचित मुआवजा जल्द ही वितरण करने का अस्वासन दिया किसान भाई बिल्कुल भी परेशान ना हो निश्चिंत रहें भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के हित में जरूरी सभी कदम उठाएगी अतः उनकी फसलों को हुए नुकसान की भरपाई भी सरकार करेगी साथ मे राजेश यादव मंडल अध्यक्ष दीपक पालीवाल धनपाल सिंह ब्रजेन्द्र सिंह असत्तखड़ी नरेश ग्वाल मनीष मोदी मोहर सिंह गुर्जर सरपंच नागेंद्र परिहार बलवीरसिंह यादव मौजूदथे

**काली पट्टी बांधकर तहसीलदार ने किया खेतो का सर्वे** -तीन मांगो को लेकर मध्यप्रदेश के समस्त तहसीलदार काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे है मुंगावली तहसीलदार दिनेश सावले खेतो पर दाहिने हाथ मे पट्टी बांधे ओलावृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे करते देखे गए साथ अनुविभागीयअधिकारी राजस्व रवि मालबीय शैलेन्द्र भार्गव नायब तहसीलदार रामकृष्ण अहिरवार आर आई सहित पटवारी कृषि विभाग के अधिकारि मौजूद रहे।



**डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा हटाने के विवाद को लेकर भीम आर्मी का धरना प्रदर्शन**

# क्षेत्रीय विधायक और मंत्री के आदेश पर तहसीलदार मेडम ने आधी रात को की थी मूर्ति हटाने की कार्यवाही

## अपने आप को निर्दोष साबित करने में लगी तहसीलदार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खबर शिवपुरी से है जहां पूर्व में घोषित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर भवन पार्क पोहरी में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की हटाई गई प्रतिमा को पुनः स्थापित किए जाने के लिए भीम आर्मी का धरना प्रदर्शन किया। जहां पूर्व में अनाज मंडी पोहरी के पास स्थित डॉ बाबासाहेब आंबेडकर भवन पोहरी में स्थापित है जिसका निर्माण तत्कालीन विधायक हरीवल्लभ शुक्ला विधायक निधि से कराया गया था और उक्त भवन का नाम डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर भवन पार्क के नाम से घोषित भी किया गया था जिसकी बाउंड्री वॉल का निर्माण भी विधायक पहलाद भारती के द्वारा विधायक निधि से कराया गया था लेकिन पोहरी प्रशासन द्वारा 20 21 फरवरी 2023 को रात्रि में उस स्थान व भवन प्रांगण में स्थित डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति को हटवा दिया गया जिससे उनके अनुयायियों में भारी आक्रोश है और उनकी भावनाओं को बहुत आघात लगा है जिसके लिए वह पूर्व में भी ज्ञापन कलेक्टर को सौंप चुके हैं अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और आज पुनः कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर एकदिवसीय धरने पर बैठे। जहां मौके पर तहसीलदार पहुंचे और उनका शिकायती आवेदन लेकर उनको जल्दी से जल्दी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद उन्होंने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया। बाबा साहब के अनुयायियों ने प्रशासन को चेतावनी दी गई कि अगर 14 अप्रैल से पहले बाबा साहेब की मूर्ति पुनः स्थापित नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।राजस्व विभाग की कार्यवाही मैं तहसीलदार प्रेमलता पाल का कहना है कि थाना प्रभारी मैडम को मुखबिर ने सूचना दी जिसके आधार पर हमने कार्यवाही की अब



लेकिन इस पूरी घटना में ना तो थाना प्रभारी का कोई मामला था और ना ही पुलिस का इसमें कोई हस्तक्षेप था पुलिस अपनी सुरक्षा प्रदान कर रही थी वह तो हर विभाग को करती है लेकिन राजस्व विभाग कि अधिकारी तहसीलदार मैडम जो कि इस घटना से अपना पल्लू झाड़ रही है वह कहीं ना कहीं क्षेत्रीय विधायक और पीडब्ल्यूडी मंत्री के दबाव में कार्य कर रही हैं और उनके द्वारा बोले जाने पर ही उन्होंने मूर्ति को हटाने का कार्य किया था जबकि सभी अनुयाई वहां पर थे उनको एक कमरे में बंद कर दिया था यह आधी रात को कार्यवाही करने का कौन सा नया तरीका तहसीलदार मैडम ने देख रखा है वही पोहरी तहसीलदार का कहना है कि हम किसी के दबाव में कर नहीं कर रहे हैं इनके पास में किसी भी प्रकार की मूर्ति रखने का अनुमति ना होने के कारण मूर्ति हटा दी गई है यदि इनके पास अनुमति है तो वह पेश करें
**-प्रेमलता पाल पोहरी तहसीलदार**

## भाजयुमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष के भाई की सड़क हादसे में मौत



पुष्पांजलि टुडे
रिपोर्टर मौ
डॉ.बेताल सिंह गौड़

मौ कस्बे के वार्ड एक भाजयुमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष वकील सिंह यादव के छोटे भाई जीतू यादव पुत्र मुंशी यादव की लोडिंग गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटने से मौत हो गई। श्री यादव शिवपुरी जीतू यादव से ग्वालियर आ रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। श्री यादव की असमय मौत पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष राम अख्त्यार सिंह गुर्जर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मर्याद सिंह यादव, कार्यालय मंत्री डॉ. बेताल गौड मीडिया प्रभारी सोमबीर शिवहरे सुल्तान सिंह मौर्य आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया

### कलेक्टर ने नपा सीएमओ भिण्ड को दिया नोटिस

## बंद राशन दुकान, अनुपस्थित महिला बाल विकास अमले पर कार्यवाही के निर्देश एवं जिला आपूर्ति अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी से मांगा स्पस्टीकरण

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत नगर पालिका परिषद भिण्ड क्षेत्र में संचालित शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार, जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज वार्ष्णेय, नगर पालिका सीएमओ भिण्ड वीरेन्द्र तिवारी, प्रबंधक ई गवर्नेंस सौरव उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने निरीक्षण के दौरान 23 से 60 वर्ष



की महिलाओं की समग्र ई-केवाईसी कार्य का अवलोकन कर प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित स्थान पर शिविर क्रियाशील तथा उचित व्यवस्था नहीं पाए जाने पर नगर पालिका भिण्ड सीएमओ वीरेन्द्र तिवारी को नोटिस दिया। निरीक्षण के दौरान कुछ राशन की दुकान बंद पाई जाने पर जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज वार्ष्णेय को बंद राशन दुकानों पर कार्यवाही करने निर्देश दिए। साथ ही निगरानी न रखने पर जिला आपूर्ति अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। इसी प्रकार निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला बाल विकास का मैदानी अमला अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने निर्देश महिला एवं बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार को दिए। साथ ही निगरानी न रखने पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी भिण्ड से स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर जवाब मांगा है।

## अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय



संरक्षक पूर्व राज्यसभा श्री रविंद्र किशोर सिन्हा और राष्ट्रीय महामंत्री ध्यान पाल जी प्रदेश महामंत्री कौशलेंद्र सिंह जी के सहयोग से प्रदेश अध्यक्ष बहादुर सिंह तोमर जी ने आदित्य सिंह सिकरवार जी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया अपने इस मनोनयन पर आदित्य सिंह सिकरवार ने अपने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया एवं आदित्य सिंह जी को उनके इष्ट मित्रों ने एवं प्रिय जनों ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में पुष्पेंद्र सिंह तोमर लोकेंद्र सिंह तोमर भीमसेन सिंह तोमर थरा मनमोहन सिंह तोमर विक्रम सिंह सिकरवार भानु सिंह तोमर सूरज सिंह तोमर चंद्रभान सिंह तोमर कुलदीप सिंह तोमर सूरत सिंह तोमर सिंह तोमर उदय प्रताप सिंह तोमर राहुल गुप्ता विशाल गुप्ता शुभम गुप्ता वैभव चौहान खुशबू सेंगर सोनम तोमर कृपाल सिंह तोमर प्रदीप तोमर राम दुलारे ओझा आनंद नरवरिया अजीत सिकरवार अनिल सिकरवार अंकित सिकरवार गोरे तोमर असलम खान सादिक खान आमिर खान पवन श्रीवास गौरव तोमर अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की और शुभकामनाएं

## पात्रता पर्चीधारी परिवार की महिलायें निकटतम शा.उ. मू. दुकान पर अपना तत्काल ई - केवाईसी करायें

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** जिला आपूर्ति अधिकारी भिण्ड मनोज वार्ष्णेय ने जिले की सभी सम्मानित महिलाओं को सूचित कर कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना हेतु पात्र विवाहित महिला जिनकी उम्र 23 वर्ष से 60 वर्ष है और जो पात्रता पर्ची (खाद्यान्न पर्ची) परिवार की सदस्य हैं ऐसी महिलायें निकटतम शासकीय उचित मूल्य दुकान पर अपना आधार नम्बर ले जाकर तत्काल ई-केवाईसी करायें दुकान पर निःशुल्क ई-केवाईसी किया जा रहा है। जिले में 512 शासकीय उचित मूल्य दुकान पर ई-केवाईसी का कार्य निरन्तर जारी है साथ ही पोस मशीन में अपना मोबाइल नम्बर भी दर्ज करायें इसके लिए मोबाइल भी साथ ले जाना होगा जिस पर ओटीपी आता है। जो विक्रेता द्वारा पोस मशीन में दर्ज किया जायेगा।

## आज दि सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मालनपुर परिसर मैं लगाया गया रक्तदान शिविर

पुष्पांजली टूडे संवाददाता
मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

महाअभियान सप्ताह के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रीम के समस्त कर्मचारियों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया कैंप रेड क्रॉस सोसाइटी ग्वालियर के सहयोग से आयोजित किया गया रक्तदान शिविर का प्लांट हेड संतोष कारवा के द्वारा



फीता काटकर शुभारंभ किया गया प्लांट हेड कारवां ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है जिससे आप किसी का जीवन बचा सकते हैं इसी क्रम में एचआर हेड योगेश चौहान ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती एवं नया रक्त उत्पन्न होता है जिससे ऊर्जा व्यक्ति के अंदर ऊर्जा रहती है बता दें इससे पूर्व में भी द सुप्रीम इंडस्ट्रीज कई पुनीत कार्य करती आ रही है कुछ समय पहले ही समस्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें सभी कर्मचारियों को चेकअप किए गए थे आज महा अभियान के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 51 लोगो ने रक्तदान किया इस अवसर पर मौजूद रहे अचिन विजयवर्गी, रोटरी की ओर से सुधीर त्रिपाठी, राम मोहन त्रिपाठी, आदि कर्मचारी मौजूद रहे

## मुरैना हादसे पर नेता डॉ गोविंद सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया

### मृतकों के परिजनों को 10 - 10 लाख रूपये मुआवजा दिये जाने की मांग की है

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भोपाल ।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने मुरैना जिले के थाना टेंटरा अंतर्गत रोधई घाट पर शिवपुरी जिले के करीब 17 श्रद्धालु कम पानी में चंबल नदी को पार कर कैलादेवी के दर्शन करने जा रहे थे अचानक मगरमच्छ द्वारा हमला कर दिये जाने से जान बचाने के लिए गहरे पानी में चले जाने के कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई है। यह घटना आज सुबह लगभग 7 बजे की है। स्थानीय लोगों के द्वारा चार शवों को बाहर निकाला गया है, शेष का अब तक पता नहीं चल सका है। प्रदेश के वरिष्ठ



अधिकारी दोपहर 3 बजे तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे है और ना ही रेस्क्यू टीम पहुचीं है। राजस्थान के कलेक्टर एवं एसपी सुबह से घटनास्थल पर तैनात है एवं रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे है।डॉ. सिंह ने इस घटना को दुखःद बताते हुये मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री जी द्वारा रेस्क्यू टीम भेजने और तेजी से कार्यवाही करने की बात को महाझूठ कहा है। घटना स्थल पर कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं मंत्री श्री रामनिवास रावत सुबह से मौजूद है एवं पल-पल की जानकारी से मुझे अवगत करा रहे है। मुख्यमंत्री भोपाल के जंबूरी मैदान में पाखण्ड करने में व्यस्त है किंतु इतनी ब?ी घटना घट जाने के बाद भी सरकार का कोई भी मंत्री घटना स्थल पर नहीं पहुंचा है। यह सरकार की संवेदनहीनता का परिचायक है।नेता प्रतिपक्ष ने मृतकों के निकटम परिजनों को 10 -10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दिये जाने,उस घाट पर पुल बनाये जाने एवं घटना की जांच कराई जाकर मुरैना जिले कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को तत्काल निलंबित किये जाने की मांग की है।

## छात्र - छात्राओं के भविष्य से सरकार कर रही है खिलवाड़ःडॉ गोविंद सिंह

### स्कूल शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भोपाल ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की गत 01 मार्च, 2023 से कक्षा 10 वीं व 2 मार्च, 2023 से कक्षा 12 वीं की परीक्षायें प्रारंभ होने के साथ इसके प्रश्न पत्र लीक होने के समाचार प्रकाशित होने लगें किंतु राज्य सरकार एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल इसे स्वीकार कर जांच कराने के बजाय इसे अफवाह करार देकर मामले की लीपा पोती में जुटा रहा। विधानसभा सत्र के दौरान मेरे द्वारा इस मामले की गंभीरता को देखते हुये सदन में भी उठाया गया, किंतु राज्य सरकार द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।अब जबकि कक्षा 10 वीं व 12 वीं के प्रश्न पत्र परीक्षा पूर्व खुले आम सड़कों पर बिकने लगे तब जाकर स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा पेपर लीक होने की बात को स्वीकार किया गया साथ ही विभाग द्वारा आनन-फानन नौ केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष को निलंबित करने के आदेश जारी कर मामले की लीपा-पोती का प्रयास किया गया। जबकि यह प्रदेश के 20 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के भविष्य के जुड़ा बेहद संवेदनशील मामला था। प्रश्न पत्रों के लीक होने की बात स्वीकार करने के पश्चात् कक्षा 10 वीं और 12 वीं की संपूर्ण परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। डॉ. सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में विद्यार्थी ड्रेस घोटाला, मध्यान्ह भोजन घोटाला, कम्प्यूटर खरीदी घोटाला, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों को अनुरक्षण राशि घोटाले के बाद लगातार प्रश्न पत्र लीक होने से स्पष्ट है कि स्कूल शिक्षा विभाग जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों के निर्वहन में स्कूल शिक्षा मंत्री पूरी तरह से अक्षम साबित हुये है। नेता प्रतिपक्ष ने स्कूल शिक्षा मंत्री को तत्काल बर्खास्त किये जाने की मांग की है।



## महत्वपूर्ण योजनाओं में लापरवाही बरतने पर चार पर्यवेक्षक निलंबित

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाऐं यथा लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना एवं लाड़ली बहना अभियान जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण रौन पर्यवेक्षक श्रीमती दीपा असाटिया, पर्यवेक्षक लहार श्रीमती ज्योति तोमर, पर्यवेक्षक मेहगांव श्रीमती मृंदना धनेलिया एवं पर्यवेक्षक भिण्ड ग्रामीण श्रीमती अरूणा सिंह परमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्रीमती असाटिया का मुख्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी भिण्ड,श्रीमती तोमर का मुख्यालय बाल विकास परियोजना भिण्ड ग्रामीण,श्रीमती धनेलिया का मुख्यालय बाल परियोजना लहार एवं श्रीमती परमार का मुख्यालय बाल विकास परियोजना रौन रखा गया है। इनको निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## अनुविभागीय अधिकारी लहार ने प्रा. से. स. सं. मढ़ोरी केशवगढ़ 106012 को किया निलंबित

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**लहार ।** कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लहार द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में चिन्हित महिलाओं की ई- केवाइसी कार्य की प्रगति को देखने हेतु अनुविभाग लहार ग्रामीण की शासकीय उचित मूल्य दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था मढ़ोरी केशवगढ़ द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान मढ़ोरी दुकान कोड 106012 बन्द पायी गयी। जिसके कारण शासन की महत्वाकांक्षी योजना लाड़ली बहना की चिन्हित महिलाओं का ई- केवाइसी कार्य प्रभावित हुआ है।इस प्रकार दुकान संचालक द्वारा म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियत्रंण) आदेश 2015 की कंडिका 18 के तहत् कलेक्टर द्वारा जारी कार्यालयीन आदेश का स्पष्ट उल्लंघन किया है।अनुविभागीय अधिकारी लहार आरए प्रजापति ने म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियत्रंण), आदेश 2015 की कंडिका 18 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था मढ़ोरी केशवगढ़ 106012 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया एवं उपभोक्ताओं की सुविधाओं को देखते हुये अन्य आदेश होने तक अस्थाई रूप से विपणन सहकारी संस्था मर्यादित लहार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान बरेई कोड 106008 पर संलग्न किया।

## भाजपा सरकार में प्रशासनिक महिला अफसर तक सुरक्षित नहीं : डॉ. भारद्वाज

### नेशनल हाइवे जाम करने वाले भाजपा नेताओं पर केस दर्ज क्यों नही

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** भिण्ड जनपद कार्यालय पर जनपद पंचायत की सीईओ सुनीता शर्मा और भाजपा नेता और जनपद उपाध्यक्ष शिवांकर भदौरिया के बीच हुए विवाद को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार और जिला प्रशासन पर निशाना साधा । कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता और भिण्ड विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता डा.अनिल भारद्वाज ने भाजपा सरकार से महिला सुरक्षा को लेकर सवाल किया श्री भारद्वाज ने कहा प्रदेश महिला उत्पीडन में में नंबर एक पर है लेकिन अब तो उनकी सरकार में महिला अफसर ही सुरक्षित नहीं है। भाजपा नेता भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए फर्जी बिल पास कराने हेतु जनपद भिण्ड की अधिकारी को जान से मारने की धमकी देते है।और तो और उन पर कार्यवाही हेतु और अपनी सुरक्षा हेतु एक अधिकारी को सारे दिन थाने के चक्कर काटने पड़ते हैं। और बड़े शर्म की बात है जिला प्रशासन मुखिया अपनी



आंखो पर मास्क लगाकर पूरे मामले को सबकुछ जानकर भी अनदेखा करते हुए देखते रहें। भाजपा नेताओं के दबाब में एक महिला अधिकारी को अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए नौ घंटे इंतजार करना पड़ा। कांग्रेस नेता श्री भारद्वाज ने पुलिस अधीक्षक से भी सवाल किया आखिर पुलिस पर किसका दबाब था ये पुलिस की भूमिका पर भी एक बड़ा सवाल है ?

कांग्रेस पार्टी ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर हमला बोलते हुए कहा एक तरफ तो कई मामले में प्रशाशन पीड़ति पक्ष पर ही हाइवे जाम पर मुकदमा दर्ज करने में देर नहीं लगता फिर भाजपा नेताओं के द्वारा नेशनल हाइवे जाम करने पर प्रकरण दर्ज क्यों नही करता है? सबसे बड़ी बात है पुलिस की मौजूदगी में थाने के सामने की घटना से स्पष्ट होता है, पुलिस का संरक्षण खुद अपराधियों को प्रदान था? इसलिए कानून का मखौल कानून की सुरक्षा करने वालों के सामने ही उड़ाया गया। कांग्रेस नेता डा.भारद्वाज ने कहा भिण्ड जिले में कानून व्यवस्था पूर्णता मृत हो चुकी है। रामराज का दावा करने वाली शिवराज सरकार सरकार के कार्यकाल में मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। न यहां महिला सुरक्षित है,और न महिला अधिकारी।

## जिला आपूर्ति अधिकारी भिण्ड ने शा. उ. मू. दुकान वार्ड क्रमांक 31, 32 कोड क्रमांक 109021 को किया निलंबित

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** जिला प्रशासन की टीम द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में चिन्हित महिलाओं के ई-केवाइसी कार्य की प्रगति को देखने हेतु भिण्ड शहर की शासकीय उचित मूल्य दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान वार्ड क्रमांक 31, 32 कोड क्रमांक 109021 बन्द पायी गयी। जिसके कारण शासन की महत्वाकांक्षी योजना लाड़ली बहना की चिन्हित महिलाओं का ई- केवाईसी कार्य प्रभावित हुआ है।इस प्रकार दुकान संचालक द्वारा म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कण्डिका 18 के तहत् कलेक्टर द्वारा जारी कार्यालयीन आदेश का स्पष्ट उल्लंघन किया है।जिला आपूर्ति अधिकारी भिण्ड मनोज वार्ष्णेय ने म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कण्डिका 16 के तहत् प्रदत्त शक्तियो का उपयोग करते हुये प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान वार्ड क्रमांक 31, 32 कोड क्रमांक 109021 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया एवं उपभोक्ताओं की सुविधाओं को देखते हुये अन्य आदेश होने तक अस्थायी रूप से ऋषि बाल्मिक प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार संचालित वार्ड क्रमांक 30 कोड 109019 पर संलग्न किया।


वेदांत प्रा. I.T.I.
ट्रेड :- इलेक्ट्रीशियन, फिटर
योग्यता 10वीं पास
Mob. 7000404914, 7694927881
भिण्ड रोड, मेहगाँव, जिला भिण्ड (म.प्र.)

!! जय श्री सिद्ध गुरुदेव !!
10th All Sub.
9302855225
9144741160
(CBSE & NCERT BOARD)
HINDI & ENGLISH MEDIUM
By: योगेन्द्र सर
म.प्र. शासन की "BHIM" योजना के अंतर्गत Registration करवायें और Fees में 15% की छूट पाये
Coming Soon
REGISTRATION OPEN
Visit our website
www.yogendrasirgwalior.com
YOGENDRA SIR OFFICIAL APP
GET IT ON Google Play
पता- फोर्ट रोड सब्जी मंडी पुल के पास, हजीरा ग्वालियर ।

# एससीओ बैठक में पाक भागीदारी की लाचारी

लंदन से राजनीति का रिमोट कंट्रोल चला रहे मियां नवाज़ शरीफ़ क्या चाहेंगे कि बिरयानी कूटनीति फिर से आगे बढ़े? शंघाई कार्पोरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) की शिखर बैठक के सिलसिले में 10 से 11 मार्च को भारत ने पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदीलाल को आमंत्रित किया था। वो आये नहीं, बदले में जस्टिस मुनीब अख्तर को वीडियो लिंक के ज़रिये जोड़ दिया था। चूंकि, भारत एससीओ का अध्यक्ष देश है, इसलिए उसे प्रतिरक्षा, पर्यटन, आंतरिक सुरक्षा, पर्यावरण जैसे महकमों की मंत्री स्तरीय बैठकें आहूत करनी हैं, इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों को भी संवाद करना है।

14 मार्च, 2023 को हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट किया कि एससीओ के आठों सदस्य देश, ऊर्जा मंत्रियों की आभासी बैठक में उपस्थित थे। एससीओ मंत्री स्तरीय आभासी बैठक में पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्री खुर्रम दस्तगीर ख़ान का दिखना इसका संकेत है कि वहां के प्रतिरक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अप्रैल में नई दिल्ली और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ज़रदारी मई में गोवा में होने वाली बैठकों में शायद शिरकत करें। 17-18 मार्च को बनारस में एससीओ पर्यटन मंत्रियों की बैठक होगी। काशी को 'एससीओ का कल्चरल कैपिटल' घोषित किया गया है।

'बर्फ' पिघल रही है, मगर पाकिस्तान की ओर से पूरी सावधानी बरती जा रही है। भारत प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ को आमंत्रित कर चुका है। इनसे पहले, पाकिस्तान के वजीर-ए-खारजा बिलावल भुट्टो ज़रदारी, वज़ीर-ए-दिफ़ा ख्वाजा आसिफ वर्चुअल ही सही, यदि बैठकों में हिस्सा लेते हैं, तो समझिए कि गाड़ी पटरी पर है। दोनों



देशों के बीच संबंधों की गाड़ी पटरी पर लाने के प्रयास विगत दो वर्षों से चल रहे हैं। क्या इसमें पुतिन और शी की परोक्ष भूमिका है?

16 से 17 सितंबर, 2021 को ताज़िकिस्तान के दुशान्बे में हुई एससीओ शिखर बैठक में यह मामला सीरियस होते-होते रह गया, जब प्रधानमंत्री मोदी की उनके तत्कालीन समकक्ष इमरान ख़ान से मुलाक़ात की ख़बर हवा में तारी थी। 15 से 16 सितंबर, 2022 को समरकंद शिखर बैठक में जो बात ज़ेरे बहस से ग़ायब दिखी, वो ये कि प्रधानमंत्री मोदी अपने दो समकक्षों शी जिनपिंग और शहबाज़ शरीफ़ से मिलने से कटते क्यों रहे? 25 नवंबर, 2014 की काठमांडो सार्क शिखर बैठक में उनके भाई, नवाज़ शरीफ़ से मोदी की अनबन हो चुकी थी। बाद में नेपाल के प्रसिद्ध रिसार्ट, घूलीखेल में दोनों नेताओं को समझा-बुझाकर हैंडशेक कराया गया। समरकंद में तो यह भी नहीं हुआ। मोदी और शहबाज़ शरीफ समरकंद फोटो सत्र में भी अलग-थलग दिखे। अलबत्ता, शी जिनपिंग मोदी के साथ एकाध तस्वीरों में बगल में दिखे। शी ने तब भारत की मेज़बानी के लिए शुभकामना भी व्यक्त की थी।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में आठ यूरेशियाई देश चीन, कजाकस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताज़िकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत व पाकिस्तान सदस्य हैं। शुरू में इसका नाम शंघाई फाइव था। 26 अप्रैल, 1996 को पांच देशों चीन, कजाकस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताज़िकिस्तान ने आपसी सुरक्षा व भरोसा बढ़ाने के उद्देश्य से शंघाई फाइव की बुनियाद रखी थी। बाद में उज़्बेकिस्तान इससे जुड़ा, जिससे इसकी संख्या बढ़कर छह हो गई। 9 जून, 2017 को कज़ाकस्तान की राजधानी अस्ताना में हुई शिखर बैठक में भारत और पाकिस्तान 'एससीओ' के पूर्णकालिक सदस्य बनाये गये थे। 'एससीओ' के चार देश कजाकस्तान, किर्गिस्तान, ताज़िकिस्तान और उज़्बेकिस्तान की वजह से इस मंच पर रूस का 'अपर हैंड' बराबर बना रहता है। पुतिन अपने क्लब को और पुख्ता करने के वास्ते ईरान और बेलारूस को लाना चाहते हैं। 19 जुलाई, 2022 को राष्ट्रपति पुतिन तेहरान गये थे। उस अवसर पर ईरान के सर्वोच्च नेता अली ख़ामेनेई ने कहा था, 'पश्चिम, एक स्वतंत्र और ताक़तवर देश रूस का विरोध कर रहा है। रूस यदि अपनी सेना समय पर नहीं भेजता, तो नाटो सैनिक रूस पर हमला बोल देते।' यों, अस्ताना शिखर बैठक में ईरान को 'एससीओ' का सदस्य बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। इसके प्रकारांतर समरकंद में ईरान ने मेमोरेंडम ऑफ ऑब्लीगेशन पर हस्ताक्षर किये थे। कुछ ऐसी ही कवायद बेलारूस के लिए भी हो रही है। संभवतः दिल्ली शिखर बैठक में ईरान और बेलारूस 'एससीओ' के पूर्णकालिक सदस्य घोषित हो जाएं।

शंघाई सहयोग संगठन में इस समय बेलारूस, ईरान, अफ़ग़ानिस्तान और मंगोलिया चार ऑब्जर्वर देश हैं। इनके अलावा कुवैत, मालदीव, सऊदी अरब, मिस्र, कंबोडिया, अज़रबैजान, श्रीलंका, यूएई, म्यांमार, बहरीन, कतर, नेपाल, आर्मेनिया, तुर्की को मिलाकर चौदह डॉयलॉग पार्टनर देश हैं। वर्ष 2005 में भारत, ईरान और पाकिस्तान इस कैटेगरी में आ गये थे। वर्ष 2012 में अफग़ानिस्तान ऑब्जर्वर देशों में शामिल हो गया। मगर, यहां भी खेल होता है। 2004 में मंगोलिया और 2012 में अफ़ग़ानिस्तान को ऑब्जर्वर का दर्जा देने के बावजूद 'एससीओ' का पूर्णकालिक सदस्य बनाने में हीला-हवाली की गई है। वर्ष 2010 से बेलारूस शंघाई सहयोग संगठन का डॉयलॉग पार्टनर रहा है। 2015 में बेलारूस को ऑब्जर्वर स्टेटस दिया गया था। यूक्रेन युद्ध में बेलारूस क्रेमलिन को कूटनीतिक और सामरिक मदद दे रहा था। समरकंद में जो कुछ बुना गया है, उससे साफ है कि आने वाले समय में 'एससीओ' का इस्तेमाल, रूस और चीनी हितों के लिए होने वाला है। इसमें भारत की भूमिका कैसी होगी? यह सबसे बड़ा सवाल है। पाकिस्तान को सबसे अधिक कष्ट विश्व कूटनीति में भारत के कद्दावर होने को लेकर है। भारत 2023 में अपनी कूटनीति को कितना संतुलित रखता है, इसे पूरा विश्व देखना चाहेगा। भारत क्वाड का सदस्य देश है, उसके दूसरे ग्रुप पर विराजे शंघाई सहयोग संगठन में भी उसकी अहम भूमिका बढ़ चुकी है। यह जग ज़ाहिर है कि जी-20 में कौन से देश हैं, और अमेरिकी क्लब के मानद सदस्यों की नीतियां क्या हैं? सितंबर, 2023 में जी-20 शिखर बैठक को आहूत कराना भारत के कंधे पर है। लेकिन उससे पहले एससीओ समिट यदि सफल होती है, तो भारतीय कूटनीति का मान बढ़ेगा।

जो विश्लेषक इस बात से प्रसन्न हो रहे हैं कि भारत का प्रभामंडल विश्व कूटनीति में विस्तार ले रहा है, उन्हें दो नावों पर सवार होने के जोखिम पर भी ध्यान देना होगा। जी-20 'जो बाइडेन क्लब' है, और 'एससीओ' पुतिन और शी द्वारा संचालित।

## संपादकीय

# लोकतंत्र और नैतिकता

यह विडंबना ही है कि सत्ता की महत्वाकांक्षा के चलते सरकार बनाने-गिराने का जो खेल हाल के दशकों में राज्यों में नजर आया, उसमें राज्यपाल की भूमिका को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठे हैं। कहीं न इस पद की गरिमा के विपरीत राज्यपाल केंद्र में सत्तारूढ़ सरकार के राजनीतिक प्रतिनिधि के तौर पर व्यवहार करते नजर आते हैं। ऐसा नहीं है कि यह प्रवृत्ति हाल में ही उभरी हो, आजादी के कुछ दशकों के बाद से ही यह खेल निरंतर जारी रहा है। राज्य में विपक्षी दलों की सरकारों को गिराने के लिये इस पद का दुरुपयोग कांग्रेस से लेकर राजग सरकारों के दौर में होता रहा है। इस संकट को महसूस करते हुए ही सुप्रीम कोर्ट को महाराष्ट्र प्रकरण में तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कड़ी टिप्पणी की कि सत्तारूढ़ पार्टी में असंतोष की स्थिति में राज्यपाल का बहुमत साबित करने को कहना अनुचित है। ऐसे में सत्तारूढ़ दल में यदि मतभेद होने पर बहुमत सिद्ध करने को कहा जाता है तो निर्वाचित सरकार के अस्तित्व पर संकट पैदा हो सकता है। यानी इसमें राज्यपाल की भूमिका हस्तक्षेप करने वाली नहीं होनी चाहिए। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि ऐसा किया जाता है तो यह लोकतंत्र का प्रहसन ही होगा। उल्लेखनीय है कि खंडपीठ ने यह टिप्पणी बीते साल अविभाजित शिवसेना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुए विद्रोह के बाद राज्य में पैदा राजनीतिक संकट के बाबत की। तब भी राज्यपाल की भूमिका को लेकर विपक्ष ने कई सवाल खड़े किये थे। दरअसल, कोर्ट ने इस संकट के बाबत दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान ही यह तल्ख टिप्पणी की। उल्लेखनीय है कि राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा व शिवसेना ने मिलकर चुनाव लड़ा था। कालांतर सत्ता में बंटवारे को लेकर दोनों दल अलग हो गये थे और कम विधायकों वाली शिवसेना ने कुछ विपक्षी दलों के समर्थन से सरकार बना ली थी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि राज्य में शिवसेना की सरकार बनने के बाद भाजपा प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से शिवसेना सरकार पर हमलावर रही है। इस काम में जहां तमाम विवादों में सरकारी एजेंसियों के इस्तेमाल के आरोप लगे, वहीं राज्यपाल की भूमिका पर सवाल उठते रहे। केंद्र की सत्ता में होने का लाभ राज्य भाजपा को मिला। राजग के सबसे पुराने सहयोगियों में रहे शिवसेना व भाजपा में कटुता इस हद तक जा पहुंची कि बात सरकार को गिराने तक में परोक्ष भूमिका तक पहुंच गई। यह राजनीतिक विद्रूपता ही है कि किसी पार्टी के बैनर तले चुनकर आये जनप्रतिनिधि सत्ता व अन्य सुविधाओं के प्रलोभन में पाला बदलकर मूल दल के विरोधियों के साथ बगलगीर हो जाते हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की सरकार भाजपा के समर्थन से ही अस्तित्व में बनी हुई है।

# समीकरण पलट गए हैं

खुद अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि बीजिंग में हुआ यह समझौता खेल का रुख बदल देने वाली घटना है। इससे अब तक अमेरिका में गहरी बैठी रही इस राय पर अब निर्णायक प्रहार हुआ है कि अमेरिका पश्चिम एशिया और पूरी दुनिया के लिए अपरिहार्य है।चीन की मध्यस्थता में सऊदी अरब और ईरान के बीच समझौता हो जाने से अमेरिका के रणनीतिक हलके हतप्रभ हैं। पश्चिम एशिया के जिस क्षेत्र को अमेरिका का प्रभाव क्षेत्र माना जाता था, वहां चीन की इतनी गहरी पैठ बन चुकी है, इसका अंदाजा वहां के नीति निर्माताओं को संभवत- नहीं था। खुद अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि बीजिंग में हुआ यह समझौता खेल का रुख बदल देने वाली घटना है। कहा गया है कि अब तक अमेरिका में गहरी बैठी रही इस राय पर अब निर्णायक प्रहार हुआ है कि अमेरिका पश्चिम एशिया और पूरी दुनिया के लिए अपरिहार्य है। हालांकि ईरान और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक रिश्ते 2016 में टूटे थे, लेकिन दोनों देशों के संबंध हमेशा से टकरावपूर्ण रहे हैं। ईरान शिया देश है, जबकि सऊदी अरब सुन्नी मुस्लिम दुनिया का नेता समझा जाता है। इस्लाम के भीतर शिया और सुन्नी के टकराव की ऐतिहासिक वजहें रही हैं। हाल के दशकों में इन दोनों देशों के टकराव ने इस्लामी दुनिया को बांटे रखा है। सीरिया, लेबनान, फिलस्तीन से लेकर इराक तक फैली अशांति में इन दोनों देशों के हाथ का पहलू शामिल है। अब अगर सचमुच दोनों देशों में मेलमिलाप होता है, तो उसका असर इन सभी देशों- बल्कि पूरे पश्चिम एशिया पर होगा।दोनों देशों ने चीन की इस राय का समर्थन किया है कि बिना आर्थिक विकास के शांति कायम नहीं हो सकती। जाहिर है, इसी बिंदु पर अपनी ताकत से चीन ने दोनों को प्रभावित किया। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, 5-जी, सोलर एनर्जी आदि से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर तक के विकास से जुड़ी संपन्नता का सपना उसने इन देशों को दिखाया है। दोनों देश चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का भी हिस्सा हैं। दरअसल, अगर कुछ आगे बढ़ कर देखें, तो तुर्किये, कतर, यूएई जैसे देश भी चीन के प्रभाव में आते नजर आते हैं। यह पश्चिम एशिया में सचमुच एक बड़े बदलाव का संकेत है।

# बीमारी की मजबूरी से हासिल सुनहरी चमक



जीवन में कभी नकारात्मक मोड़ इंसान को कब अप्रत्याशित कामयाबी दे जाते हैं कहना मुश्किल है। उत्तराखंड की प्रतिभा के साथ भी ऐसा ही हुआ। वह पिछले दिनों तब सुर्खियों में आई जब वह मध्यप्रदेश के रतलाम में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब हुई। उसने कॉलेज के दौरान कई खेल तो खेले थे मगर कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह इस खेल में आएगी। उत्तराखंड के परंपरागत समाज में इस खेल को कभी सम्मान की नजर से नहीं देखा गया। वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली राज्य की पहली महिला है। दरअसल, इस पाश्चात्य खेल की प्रतियोगिता में पहनी जाने वाली टू पीस ड्रेस यहां की महिलाओं को इस खेल से दूर रखती रही है। शुरू में प्रतिभा के सामने भी यही दिक्कत थी और आस-पड़ोस की महिलाएं तरह-तरह की बातें बनाया करती थी, लेकिन प्रतिभा के पति ने उसे संबल दिया और उसकी प्रतिभा को निखारने में मदद की।

वास्तव में प्रतिभा के जीवन में बॉडी बिल्डिंग खेल का आना बेहद चौंकाने वाला है। दरअसल, प्रतिभा का दूसरा बेटा होने के बाद उसे लगा कि शरीर शिथिल हो गया है। देहरादून में पति के कपड़ा व्यापार में हाथ बंटाने वाली प्रतिभा अक्सर थकान महसूस करती। उसका रक्तचाप कम रहने लगा और वजन लगातार बढ़ता गया। कई साल ऐसे ही गुजर गये, लेकिन समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही थी। बाद में डॉक्टरी जांच में पता चला कि उसके शरीर में थायरॉइड खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। तेज दवाइयां भी दी गई लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर डॉक्टरों ने उन्हें जिम जाने की सलाह थी। प्रतिभा बचपन में अच्छी खिलाड़ी रही थीं, उनके लिये पसीना बहाना सामान्य बात थी। कालेज के दौरान वह वॉलीबाल व क्रिकेट में राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व भी कर चुकी थीं। जिम जाने के बाद उनका वजन तो 25 किलो कम हुआ, लेकिन उनके पति ने प्रतिभा के शरीर में आये विशिष्ट बदलाव महसूस किये। उन्होंने पाया कि उनका शरीर बॉडी बिल्डिंग के अनुरूप ढल रहा है। फिर महज तीन माह के अभ्यास के बाद प्रतिभा ने पति व कोच की मदद के चलते सिक्किम में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेकर चौथा स्थान हासिल किया। इतने कम समय में यह कामयाबी चौंकाने वाली थी। उत्तराखंड के पौड़ी जनपद स्थित यमकेश्वर ब्लॉक के आमड़ी गांव की प्रतिभा थपलियाल की पढ़ाई-लिखाई ऋषिकेश से हुई। शादी के बाद वह अपने पति व दो किशोर बेटों के साथ देहरादून में रहती हैं। कालेज स्तर की खेल स्पर्धाओं में उनका रुझान तो रहा, लेकिन इस अनजाने-से खेल से उनका वास्ता पड़ेगा, ये सोचा न था। काफी समय उन्होंने अपने पति भूपेश के साथ कपड़े के कारोबार में हाथ बंटाया। लेकिन थायरॉइड की बीमारी ने उनकी दुनिया बदल दी। मगर उन्होंने अपनी कमजोरी को ताकत बना दिया। हालांकि, इसके लिये उन्होंने जिम में खूब पसीना बहाया। जिसका नतीजा यह हुआ कि उनकी बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में उपस्थिति किसी चमकदार सितारे के रूप में हुई।

लेकिन प्रतिभा की राह इतनी आसान भी नहीं थी। उनका मनोबल गिराने वाले लोग भी कम नहीं थे। लेकिन उनके पति व परिवार के लोग उनके साथ हर मोड़ पर खड़े रहे। जिम और सप्लीमेंट्स का महंगा खर्च जुटाना आसान नहीं था। उन्होंने कोच भी बदला और जिम भी, ताकि सफलता की राह तय हो सके। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रतिभा के पति भूपेश संबल देने के अलावा एक कोच व मार्गदर्शक के रूप में सामने आये। जब प्रतिभा के मन में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में टू-पीस बिकनी की अनिवार्यता को लेकर दुविधा खड़ी हुई तो पति फिर संबल बनकर साथ खड़े हुए। एक बात यह अच्छी हुई कि जब वे सिक्किम में आयोजित चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर आई तो कुछ लोगों ने उनकी एक समय की डाइट और जिम की सुविधा की व्यवस्था कर दी। उनके भाई और बहन भी उनकी सहायता के लिये आगे आये।

बहरहाल, अब सीनियर वर्ग में चैंपियन बनने के बाद प्रतिभा खासी उत्साहित हैं। वे अब एशियन व विश्व चैंपियनशिप में देश के लिये सुनहरे तमगे लाना चाहती हैं। वे जिम में पसीना बहा रही हैं। प्रतिभा को अपने पति व परिवार तथा कोच पर विश्वास है, लेकिन साथ ही आशा है कि सरकार उसकी मदद करे। इसकी तैयारी व डाइट खासी खर्चीली है। इसके बावजूद देश का नाम रौशन करने का संकल्प मन में है। जिसके लिये कड़ी मेहनत के साथ अनुशासित जीवन को उन्होंने दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। शारीरिक व मानसिक ताकत के बूते वे आत्मविश्वास से भरी हैं। प्रतिभा 41 वर्ष की उम्र में परिवार व खेल की तैयारी में सामंजस्य बनाये हुए हैं। इस तरह थायरॉइड असंतुलन से शुरू हुई जटिलता को जैसे प्रतिभा ने अपनी ताकत बनाया, वह प्रेरणादायक ही है।

बहरहाल, उत्तराखंड के लिये वर्जित खेल माने जाने वाले बॉडी बिल्डिंग में सुनहरी सफलता पाने के बाद पहली बार अप्रैल में उत्तराखंड में बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन कप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सारे देश से सैकड़ों प्रतियोगी भाग लेंगे।

# महिला उद्यमिता, जी-20 में भारत के लिए एक प्रमुख स्तंभ

डॉ. संगीता रेड्डी और सुश्री अन्ना रॉय भारत की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विकास और समानता प्राथमिकताओं में से एक है- महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना। यह एक शक्तिशाली माध्यम है, जो भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा को गति दे सकता है। इसके अलावा, यह उन सबसे महत्वपूर्ण घटकों में से एक है, जो घरेलू आय बढ़ाने, गरीबी को कम करने और 2030 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी), विशेष रूप से लैंगिक समानता से सम्बन्धित एसडीजी-5 को हासिल करने में सहायता कर सकते हैं।भारत में नारी शक्ति को प्रोत्साहन देने की बात, विभिन्न सरकारी पहलों में परिलक्षित होती है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता को सहायता प्रदान करता है, जिसके तहत 7.5 मिलियन स्वयं-सहायता समूहों से 80 मिलियन से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। मुद्रा योजना, वित्त तक पहुंच को सक्षम बनाती है और जेम (जीईएम) पोर्टल सभी सरकारी खरीद का 3 प्रतिशत महिला उद्यमियों के लिए आरक्षित करता है।नीति आयोग के शोध से संकेत मिलता है कि महिलाओं उद्यमिता को स्थायित्व प्रदान करने, स्वायत्त बनाने तथा औपचारिक क्षेत्र में लाने के लिए सहायता देने की आवश्यकता है। इन उद्यमों की रोजगार सृजन क्षमताओं का विभिन्न शोधपत्रों और रिपोर्टों में उल्लेख किया गया है, जो समाज एवं अर्थव्यवस्था के लिए अतिरिक्त लाभ पैदा करने में सक्षम हैं।अपनी जी-20 अध्यक्षता के तहत, भारत ने आठ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की है, जिसमें अन्य के साथ-साथ महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना शामिल हैं। इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक प्रतिनिधित्व के सशक्तिकरण और प्रगति के लिए जी-20 गठबंधन (जी20 एम्पॉवर) का उद्देश्य महिलाओं के विकास से सम्बन्धित नैरेटिव को महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास में परिवर्तित करना है। महिला उद्यमी इस बदलाव के केंद्र में हैं और जी-20 एम्पॉवर का नेतृत्व कर रही हैं।हमें चुनौतियों को अवसरों में बदलना चाहिए और अधिक से अधिक महिलाओं को कार्यबल तथा महिलाओं के नेतृत्व वाली उद्यमिता में शामिल करने के लिए बदलाव को तेज करना चाहिए। जैसा एसडीजी प्रदर्शित करते हैं, महिला-केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाने और महिलाओं को अधिक अवसर प्रदान करने की संस्कृति के निर्माण के लिए, हमारे देश में और विश्व स्तर पर सहयोग-आधारित एवं ठोस कार्रवाई करने की आवश्यकता है।डिजिटलीकरण एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम है जो महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके अलावा, ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां अपने संस्थान के कार्यालय से काफी दूर रहकर भी सतत रूप से अपना आधिकारिक कामकाज निपटाना बिल्कुल संभव है और इसके साथ ही यह महिला श्रमबल को रोजगार प्रदान करने का व्यापक अवसर भी प्रदान करता है।जी-20 सशक्तिकरण प्लेटफॉर्म के जो तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं उनका उद्देश्य इन संवादों को निम्नलिखित दृष्टिकोणों के जरिए ठोस कदमों में परिवर्तित करना है।पहला, महिला उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करें- महिलाओं के नेतृत्व वाले और महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास, क्षमता निर्माण, सहायक बुनियादी ढांचागत सुविधाओं और वित्त तक महिलाओं की पहुंच बढ़ाएं। दूसरा, महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी सुनिश्चित करें जिसका उद्देश्य उनका सार्वजनिक प्रतिनिधित्व बढ़ाना, सार्वजनिक सुविधाओं तक उनकी पहुंच बनाना, और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के श्रमबल में उनकी भागीदारी बढ़ाना हो। तीसरा, शिक्षा की दिशा में काम करें जो निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुविधाजनक या काफी आसान बना देती है।महिला उद्यमिता प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूईपी) ज्ञान की खाई को पाटने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है- जिस तरह से भारतीय महिलाएं और बालिकाएं शिक्षा प्रणाली से आगे निकल कर नौकरी करने की दुनिया की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही हैं और स्वयं के जीवन में व्यापक बदलाव ला रही हैं, उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि भारत उन 55 मिलियन अतिरिक्त महिलाओं के लिए एक मजबूत उद्यमिता मार्ग बना रहा है जो वर्ष 2030 तक संबंधित श्रमबल का हिस्सा बन सकती हैं।वैश्विक उद्यमिता शिखर सम्मेलन 2017 में घोषणा किए जाने के बाद डब्ल्यूईपी के अभिनव आइडिया को नीति आयोग में मूर्त रूप दिया गया। आज यह एक मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो महिला उद्यमियों को बहुक्षेत्रीय सहयोग प्रदान करता है। यह जागरूकता, प्रशिक्षण, कौशल विकास, वित्त और विपणन संबंधी आवश्यकताओं तक पहुंच के जरिए बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों को तैयार कर रहा है। डब्ल्यूईपी इसके साथ ही डेटा सृजित करके एक उत्कृष्ट विचारक के रूप में भी उभर कर सामने आया है जो महिलाओं के नेतृत्व और मानसिक सेहत पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए महिलाओं की उद्यमशीलता की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इसके साथ ही यह योजना भी बनाई गई है जिसके तहत प्रौद्योगिकी और विभिन्न बाधाओं को कम करने पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के लिए किसी पारंपरिक स्टोर में काम करने के दृष्टिकोण को अनिवार्य किए बिना ही महिलाएं तरह-तरह की दक्षताओं से लाभ उठा सकें।

### पैलेस ग्राउंड में गो भक्तों का उमड़ा जन सैलाब

# गोसेवार्थ गौभक्ति संध्या व विराट कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन






**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा**
**बेंगलुरु-** फूलों की नगरी बेंगलुर में बिलावास गोशाला सेवा समिति के तत्वावधान में गौ भक्ति संध्या एंव कवि सम्मेलन शुक्रवार को पैलेस ग्राउंड के प्रिंसेज श्राइन भवन परिसर में आयोजित किया गया ।भजन संध्या में राजस्थान के गौभक्त ओम मुंडेल ने राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को सामा बांधा रखा । कार्यक्रम में कवि सम्मेलन में विरेंद्र विद्रोही अशोक चारण, कमलेश बंसत सुश्री सुमित्रा सरल एंव पार्थ नवीन ने अपने भक्तिमय काव्य रचना देश की स्थिति के बारे में प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया ।सामोरह में बच्चें युवा बुर्जर्ग एंव महिलाओं की भक्ति चरम पर थी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि घनश्याम दास महाराज एंव लहरसिंह सिरोया, गजाराज पगारीया, तेजाराम गुलेच्छा, रायचंद छाजेड़ राजेंद्र छाजेड़ मिश्रीलाल कोठारी उपस्थित रहे।वरिष्ठ अतिथि शांतिलाल सांह, किशोर कुमार पगारिया खजांजी मल, कानुंगा, घेवरचंद,रमेश चंद बोहरा एंव अन्य गणमान्य देश के कोने कोने से पधारे हुए बहुत सारे महानुभावों ने गोशाला के लिए नुतन शेड बनाने की घोषणा की एंव कई महानुभाओं ने आजीवन निति में अपना नाम प्रदान किया। सभी ने एक ही स्वर में गायों को राष्टीय गो माता का दर्जा मिले वही भावना व्यक्त की। समिति के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने पधारे हुए मेहमानों का स्वागत करते हुए गोशाला की योजनाओं की अभि व्यक्ति की। सचिव नरेंद्र आच्छा ने गोशाला में बनाई गई आधारभूत संरचना की जानकारी प्रदान की एंव मंच संचालन किया। सह-सचिव लक्ष्मण राम आगलेचा ने उपस्थित महानुभावों को गोशाला के भावी कार्यो की रूप रेखा प्रस्तुत की।कोषाध्यक्ष अमराराम चोयल ने बताया की कृष्ण भगवान का मंदिर निर्माणबध है।जिसे विधुव्त पूर्व हो सके ऐसी भावना व्यक्त की।कार्यक्रम स्थल पर महाप्रसादी की व्यवस्था की गई। व्यवस्था के लिए बहुत मनुष्यों एंव स्वय सेवकों ने अपनी सेवा प्रदान की ।कार्यक्रम का समापन गो भक्ति संगीत साथ सम्पन्न हुआ

# महिला बाल विकास में चौथे दिन भी केन्द्र काम बन्द हड़ताल

### गुजरात में लागू लेकिन मध्य प्रदेशनहीं

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**
**भिण्ड** महिला बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मिनी कार्यकर्ता 15 मार्च से केन्द्र बंद काम बंद सामुहिक रुप से अनिश्चितकालीन हड़ताल संयुक्त मोर्चा के बैनर पर है आज हड़ताल का चोथा दिन है सभी की एकता के कारण हड़ताल चौथे दिन भी पूर्ण सफल रही है राज्य सरकार द्वारा जब तक हमारी मांगों नहीं मानी जाती हड़ताल तब तक जारी रहेगी मुख्यमंत्री आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महापंचायत बुलाने से पहिले 2018 की महापंचायत में जो घोषणाएं की थी उन्हें लागू करे आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के हित में सुप्रीम कॉर्ट ग्रेच्युटी भुगतान को लेकर फैसला देता है वह भाजपा शासित गुजरात में लागू होता है लेकिन पढोसी भाजपा शासित मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लागू नहीं कर रहे हैं विभाग में क्रमोन्नति 10 साल की जगह 5 साल में दी जाय कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्त के वाद 5लाख 3 लाख रुपए दिए जाय मानदेय को वेतन में बदला जाय क्योंकि सभी विभागों के कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कराये जाते हैं इसलिए शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं साहिकाओ के बढे हुए 1500 रुपया काट लिया है उसका एरियर सहित भुगतान किया जाय न्यूनतम वेतन 26000 रुपए किया जाय कार्य करते समय मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जाय



शासकीय कर्मचारी के समान निशुल्क इलाज की व्यवस्था दी जाय महा की 5 तारीख तक मानदेय दिया जाय उक्त जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन सीटू जिला संयोजक साधना भदौरिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दीसेन्टर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने कहा एक तरफ मुख्यमंत्री लाड़लि बहिना योजना चालू करने जा रहे हैं दूशरी तरफ़ आंगनबाड़ी बहिनों एवं आशा उषा बहिनों को जीवन जीने लायक मानदेय हर महीने नहीं दिया जाता है महिला बाल विकास के साथ आशा उषा की हड़ताल को सीटू समर्थन देती है

# उड़नदस्ता टीम ने 12 वी बोर्ड के परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**
बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता और विश्वसनीयता के लिए कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के उड़न दस्ते में श्री गिरधारी नाईक सहायक संचालक एवं डॉ महेश शर्मा योजना अधिकारी के उड़न दस्ते ने विभिन्न संवदेनशील परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। आज दिनांक 18 मार्च 2023 को 12 वीं बोर्ड परीक्षा के सभी 119 परीक्षा केंद्रों पर रसायन शास्त्र, इतिहास और कृषि गणित विषय के प्रश्नपत्र में कुल दर्ज परीक्षार्थी -16860 में से 16550 परीक्षार्थी उपस्थित और 310 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दो परीक्षा केंद्रों पर केंद्राध्यक्षों के मोबाइल स्विच ऑफ कर शील्ड कराएं गये, वहीं एक परीक्षा केंद्र पर दो परीक्षार्थियों द्वारा प्रश्नपत्र में लिखा पाए जाने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही जिले में कोई भी नकल प्रकरण नहीं देखने में आया है।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान के लांजी कार्यक्रम की तैयारियों का आयुष मंत्री श्री कावरे ने लिया जायजा

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**
मुख्यममंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का 20 मार्च 2023 को लांजी आगमन हो रहा है। अपने इस प्रवास के दौरान वे दोपहर 03 बजे लांजी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना के अंतर्गत ला?ली बहनों के सम्मेलन को संबोधित करेंगें और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगें।

मध्यप्रदेश शासन के आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री श्री रामकिशोर ÷नानो÷ कावरे ने आज 18 मार्च को लांजी पहुंचकर हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया । इस दौरान पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, लांजी एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर, बालाघाट एसडीएम श्री संदीप सिंह, वारासिवनी एसडीएम श्री के सी बोपचे,



सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। आयुष मंत्री श्री कावरे ने इस दौरान अधिकारियों से कहा कि वे कार्यक्रम में आने वाले हितग्राहियों एवं आम जन के वाहनों की पार्किंग आदि की उचित व्यवस्था करें, जिससे लोगों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। मुख्यमंत्री द्वारा जिन हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जायेगा उनके कार्यक्रम स्थल पर लाने की उचित व्यवस्था की जाये। कार्यक्रम स्थल पर आम जन की बैठक, सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही पेयजल आदि का इंतजाम किया जाये। इस दौरान बताया गया कि लांजी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना की महिलाओं से संवाद करेगें और उन्हें संबोधित करेंगें। इसके लिए इस कार्यक्रम में केवल महिलायें ही शामिल होंगी। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना के पात्र महिलाओं के आवेदन लेने, आधार नंबर को अपडेट करने, समग्र आई डी में सुधार एवं केवायसी करने, बैंक में खाता खोलने एवं आधार नंबर को खाता लिंक करने तथा पोस्ट आफिस द्वारा आधार सीडेड एवं डीबीटी के लिए उपयुक्त बचत खाता खोलने अलग-अलग स्टाल लगाये जायेंगें।

### मांग पूरी ना होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल

# 30 वर्षों से लंबित मांगों को लेकर परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एक मंच पर

पुष्पांजलि टूडे/रहीश भैया 7869883786
ग्वालियर।प्रदेश के परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक संयुक्त मोर्चा सहित आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन संगठन सीटू लंबित मांगें पूरी न होने से 15 मार्च 2023 से सामूहिक अवकाश पर चले जाने से आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले लटके है एवं लाडली लक्ष्मी और प्रधानमंत्री मातृ वंदना जैसी जन हितैषी विभागीय योजनाएं ठप्प हो गयी हैं।आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली शालापूरव शिक्षा एवं पोषण आहार वितरण सेवा भी ठप्प हो गयी है।शासन की महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अधर में लटक गई है।संयुक्त मोर्चे के समर्थन एवं अपनी लम्बित वाजिब मांगों के चलते सीटू भी अनिश्चितकालीन अवकाश में शामिल होने से लाडली बहना योजना खटाई में पड़ती जा रही है।माना जा रहा है ये योजना सरकार के लिए आगामी निर्वाचन को प्रभावित करने में निर्णायक हो सकती है किंतु विभागीय अमले की लंबे समय से लम्बित जायज मांगों को पूरा न करने से विभागीय अमले ने आरपार की लड़ाई का सीधा मन बना लिया है।महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक विगत 30 व र्षो से अपनी लंबित मांगों को लेकर संघर्षरत हैं साथ ही विगत दो वर्षों से संयुक्त मोर्चा संघ द्वारा प्रभावी तरीके से निरंतर शासन का घ्यान आकर्षित करते हुए विभिन्न ज्ञापनों के माध्यम से (माननीय विभागीय मंत्री महोदय, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव महोदय, प्रमुख सचिव महिला बाल विकास विभाग एवं आयुक्त महोदय को अनेक बार ज्ञापन दिये गये) लंबित मांगों यथा वेतन विसंगति, ग्रेड-पे, टाईम स्केल, पदोन्नति, संविदा पर्यवेक्षकों का नियमितीकरण, विकासखंड महिला सशक्तिकरण अधिकारी के पद से प्रभारी शब्द हटाकर परियोजना अधिकारी पद पर मर्ज करने सहित विभिन्न मांगों के लिए संघर्षरत रहते हुए शासन को शांतिपूर्ण ढंग से विभिन्न अवसरों पर लिखित अवगत कराया। उक्त मांगों के संबंध में अनेकों वार ज्ञापन दिये गये, विभागीय अधिकारियों को बैठक के माध्यम से लिखित एवं मौखिक रूप से अनेकों बार अवगत कराया गया किन्तु विभाग द्वारा लगातार उपेक्षा किये



जाने, मांगों का समाधानकारक हल न किये जाने, गंभीरतापूर्वक विचार न करने, कोई निश्चित समयसीमा में समाधान न किये जाने, माननीय मुख्यमंत्री जी मध्यप्रदेश शासन, भारसाधक मंत्री जी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्तमोर्चा को मिलने का समय न दिये जाने, प्रथम दृष्टया निरंतर उपेक्षित व्यवहार किये जाने से बहुत ज्यादा असंतोष है। माननीय मुख्यमंत्री जी म0प्र0 शासन द्वारा विभिन्न कर्मचारी संघ की मांगों के निराकरण हेतु गठित माननीय श्री शिव चैबे अध्यक्ष सामान्य वर्ग आयोग (केविनेट मंत्री दर्जा), माननीय श्री सुल्तान सिंह शेखावत जी, अध्यक्ष -असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल (केविनेट मंत्री दर्जा) एवं म0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष माननीय रमेशचंद्र शर्मा जी (राज्यमंत्री-दर्जा) म0प्र0 शासन, को भी संयुक्त मोर्चा द्वारा अनेकों वार लिखित एवं मौखिक रूप से अपनी मांगों के संबंध में अवगत कराया गया। जबकि माननीयों के आश्वासन पर ही दिनांक 21-25 मार्च 2022 के दौरान संयुक्त मार्चा ने अपनी सामूहिक हडताल स्थगित की थी किन्तु उसके बाद आज दिनांक तक कोई निराकरण नहीं हुआ न ही माननीय मुख्यमंत्री जी म0प्र0 शासन से मुलाकात कराई गई।मांगों के संबंध में समाधानकारण हल नहीं निकाले जाने व आज दिनांक तक कोई ठोस कदम न लिये जाने से व्यथित होकर संयुक्त मोर्चा संघ ने यह निर्णय लिया है कि हम सभी दिनांक 15 मार्च 2023 से समुचित हल न मिलने तक अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहेगें।संमस्त परियोजना अधिकारी एवम पर्यवेक्षको ने 15 मार्च से सामूहिक अवकाश की सुचना,संभागायुक्त,संयुक्त संचालक महिला बाल बाल विकास,जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला प्रशासन को दे दी गयी है।इसी क्रम में संघ के आह्वान पर सभी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक ने पत्र द्वारा विभाग को सभी लॉगिन द्वस्त्र और पासवर्ड समर्पित कर राज्य,संभाग,जिला और ब्लॉक स्तर के सभी ऑफिसियल व्हाट्सएप्प ग्रुप से लेफ्ट कर गए हैं।जिससे पूरी विभागीय मशीनरी लड़खड़ा गयी है।ध्यातव्य है कि महिला एवं बाल विकास विभाग अभी मुख्यमंत्री स्वयं संभाल रहे हैं फिर भी कोई सुनवाई न होने से एवं पूर्व में दिए आश्वासनों पर अमल न होने से पूरे प्रदेश में आँगनबाड़ी कर्मियों में विकट रोष व्याप्त है।संयुक्त मोर्चे को सीटू द्वारा समर्थन देते हुए बताया कि हमारी मांगे है कि आँगनबाड़ी कर्मियों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए,उनके सेवा निवृत्ति पर एक मुश्त 5 लाख राशि दी जाए,मृत्यु की दशा में 3 लाख रुपये दिए जाएं,मानदेय और अन्य भत्ते सम्मानजनक जीवन निर्वाह्योग्य स्तर तक बड़ाये जाये।संयुक्त मोर्चे एवं सीटू संगठन की बैठक में जिले के सभी परियोजना अधिकारी,सभी पर्यवेक्षक एवं सीटू अध्यक्ष श्रीमती कमलेश शर्मा उपस्थित रहीं।केंद्रों पर ताले लटकने,और परियोजना अधिकारी तथा पर्यवेक्षकों के सामूहिक अवकाश पर रहने लाड़ली और प्रधानमंत्री जैसी जनहितैषी योजनाएं तथा बच्चों का शाला पूर्व प्रशिक्षण तथा पोषण आहार वितरण प्रभावित हो रहा है।

# महावीर जन्मोत्सव की तैयारी हेतु कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**पुष्पांजली टुडे**
**दमोह:** संपूर्ण विश्व में अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करने वाले जैन धर्म के 24 वे तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती इस वर्ष 4 अप्रैल को मनाई जानी है। जिसकी तैयारी हेतु महावीर जन्म उत्सव समिति का गठन किया गया है। तथा समिति के संयोजक का दायित्व इस वर्ष विवेक जैन राम को सौंपा गया है। आदिनाथ जयंती के शुभ अवसर पर महावीर जन्मोत्सव कार्यालय का शुभारंभ गांधी चौक पर किया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई ने कहा कि भगवान महावीर का जन्म उत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता होगी पंचायत के महामंत्री पदम चंद जैन ने बताया कि भगवान महावीर का संदेश कैसे जन-जन तक पहुंचे उसके लिए महावीर जयंती के कुछ दिन पूर्व से कुछ दिन उपरांत तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत के पदाधिकारी, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी, औषधालय समिति, जैन सेवादल, स्वयंसेवा समिति, युवा जैन पंचायत, जैन महिला मिलन,के साथ नवीन निराला,राकेश पलन्दी, प्रकाश जैन, अमरदीप जैन, अंकित जैन सहित बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही।






रोहित-विराट तोड़ सकते हैं शतक का रिकॉर्ड

# सिर्फ तीन महीने में 1000 रन के करीब गिल, जानें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कौन से रिकॉर्ड दांव पर

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज से वनडे सीरीज का आगाज हो चुका है। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि साल 2023 वनडे वर्ल्ड कप का है और भारत में ही यह टूर्नामेंट होना है। दोनों टीमें लगभग 3 साल बाद मिल रही है। आखिरी बार 2 दिसंबर 2020 में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मुकाबला खेला गया था। सीरीज के आगाज के साथ ही अब कई रिकॉर्ड भी दांव पर लगे हैं। शुभमन गिल के साल 2023 में इंटरनेशनल क्रिकेट में हजार रन पूरे होने से ले कर, रोहित-विराट के शतक तक, इस स्टोरी में हम जानेंगे कि टीम इंडिया और उसके खिलाड़ी कौन से नए रिकॉर्ड तोड़ सकते है। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के पास सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया में सचिन के नाम वनडे में सबसे ज्यादा शतक हैं। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक कुल 9 शतक जड़े हैं। वहीं, रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम 8-8 शतक हैं। तीन वनडे में से रोहित पहला वनडे नहीं खेलेंगे। हालांकि, अगले दो वनडे में उनके पास इस रिकॉर्ड को तोड़ने का पूरा चांस है। भारतीय वनडे टीम के 23 वर्षीय बल्लेबाज शुभमन गिल इस साल फॉर्म में नजर आ रहे है। गिल ने 2023 की



शुरुआत शानदार रूप से की है। गिल महज तीन महीने से भी कम समय में 4 शतक और एक दोहरा शतक लगा चुके हैं। दोहरा शतक वनडे में निकला। वहीं, 2 और शतक वनडे में आए और एक टी-20 और एक टेस्ट में। शतक के साथ-साथ विराट कोहली और रोहित शर्मा के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 चौके के नंबर को हासिल करने का मौका है। चौको के मामले में सचिन इस समय बेहद आगे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में कुल 330 चौके जड़े हैं। विराट ने 185 और रोहित ने 178 चौके मारे हैं। टीम इंडिया में कुलदीप यादव भले ही रेगुलर खिलाड़ी नहीं हो, लेकिन पिछले 5 साल में वनडे में उनके नाम भारतीय टीम में सबसे ज्यादा विकेट हैं। जबकि, दुनिया में वे इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। पहले पायदान पर नेपाल के कप्तान संदीप लामिछाने का नाम है। उन्होंने 41 मैच में 99 विकेट लिए हैं। वहीं, बांग्लादेश के मुस्तफिजुर कुलदीप की बराबरी पर हैं। दोनों बॉलर ने 58 मैच में 91 विकेट लिए हैं। कुलदीप अगर सीरीज के सभी मैच खेले और हर मैच में अपने पूरे ओवर करें तो उनके पास लीडिंग विकेट टेकर बनने के लिए कुल 30 ओवर होंगे। टीम इंडिया के पास अपने घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीड लेने का मौका है। भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में तो उनसे ज्यादा मैच हारा ही है, लेकिन, टीम का घर में भी यही माहौल है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में अपने घर में कुल 64 मैच खेले हैं। इसमें से 30 ऑस्ट्रेलिया ने जीते, वहीं, 29 भारत के नाम रहे हैं। 5 मैच का कोई परिणाम नहीं निकला। इस सीरीज में भारत के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीड लेने का मौका है।

सेल्फी के लिए फैंस ने शाकिब अल-हसन से की बदतमीजी

# बांग्लादेशी क्रिकेटर गिरते-गिरते बचे

**दुबई।** बांग्लादेश के स्टार क्रिकेटर शाकिब अल हसन के साथ दुबई में फैंस ने बदतमीजी की। एक कार्यक्रम के दौरान भीड़ ने उन्हें सेल्फी के लिए घेर लिया। इस दौरान धक्का-मुक्की हुई। कुछ फैंस ने उनकी शर्ट पकड़ ली, तो किसी ने उसे धक्का दे दिया। वे फर्श पर गिरते-गिरते बच गए। उन्होंने खुद को बचाया और मुश्किल से वहां से निकले। यह मामला बुधवार शाम का है, लेकिन इसके वीडियो अब वायरल हो रहे हैं। बांग्लादेशी मीडिया ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, शाकिब आरव खान के निमंत्रण पर दुबई में ज्वेलरी शोरूम के उद्घाटन में



गए थे। आरव का असली नाम रबीउल इस्लाम उर्फ शोहाग उर्फ हृदयॉय है। वह बांग्लादेश में हत्या का आरोपी है और भगोड़ा है। आरव के ऊपर 2018 में ;बांग्लादेश की स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर मोहम्मद मामुन इमरान खान की हत्या का आरोप है। हत्या के बाद, रबीउल भारत भाग गया था और अरव खान के नाम से एक भारतीय पासपोर्ट हासिल करके दुबई चला गया। पिछले हफ्ते भी शाकिब के साथ एक ऐसा ही वाकया हुआ था। शाकिब बांग्लादेश के चटगांव में एक इवेंट के दौरान सैकड़ों लोगों से घिर गए थे। इस दौरान एक फैन के बदतमीजी करने पर शाकिब ने टोपी से एक फैन को पीट दिया था। शाकिब जैसे ही कार में बैठने जा रहे थे, उसी समय एक फैन उनकी टोपी छीनने की कोशिश कर रहा था। शाकिब को गुस्सा आया टोपी से फैन को पीटा।

## आज 146 साल का हुआ टेस्ट क्रिकेट

क्रिकेट का सबसे लंबा और चैलेंजिंग फॉर्मेट टेस्ट क्रिकेट आज पूरे 146 साल का हो गया। 15 मार्च 1877 के दिन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमें मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार इंटरनेशनल लेवल पर भिड़ीं। तब से ही इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत भी हो गई। भारत ने 1932 में पहली बार टेस्ट मैच खेला और पहली जीत दर्ज करने में 20 साल लगा दिए। टेस्ट में अब तक 2,499 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें से 1,711 के नतीजे निकले। 2 मैच टाई रहे और 786 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए। इंग्लैंड ने सबसे ज्यादा 1,060 मैच खेले, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 405 जीते हैं।

# टेस्ट चैंपियनशिप में मेरा कोई योगदान नहीं, इसलिए सीधा फाइनल खेलना अनैतिक

**मुंबई।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने ड्ड्ब्ल्ञ्ज्ष्ट को लेकर बड़ा बयान दिया है। पंड्या ने कहा, %मैं टेस्ट क्रिकेट में वापसी नहीं करूंगा जब तक मैं उसके लिए ईमानदारी से मेहनत नहीं कर लेता। मेरा मानना है की बिना एक भी टेस्ट खेले सीधा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना मेरे साथी खिलाड़ियों के साथ धोखे की तरह होगा जो साल भर टेस्ट में खेल रहे हैं और टीम में जगह बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले वनडे में हार्दिक पंड्या पहली बार वनडे फॉर्मेट में भी भारत की कप्तानी



करेंगे। रोहित शर्मा पारिवारिक कारणों से पहला वनडे नहीं खेलेंगे। वह दूसरे वनडे से टीम के साथ जुड़ेंगे और कप्तानी करेंगे। टेस्ट टीम में उप कप्तान के रूप में किसी भी खिलाड़ी का नाम नहीं दिया गया। ऐसे में संभव है कि केएल राहुल अब टीम के उप कप्तान नहीं हैं। पंड्या ने आगे कहा कि श्रेया अय्यर की पीठ की चोट टीम के लिए चिंताजनक है।

# पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 जापानी जोड़ी को हराया, लगातार दूसरे साल क्वार्टर फाइनल में पहुंची

वर्ल्ड नंबर 16 त्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की जोड़ी लगातार दूसरे साल ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप के महिला युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। 20 साल की गायत्री और 19 साल की त्रेसा ने 16 मार्च यानी गुरुवार को बर्मिंघम में पूर्व विश्व नंबर 1 और पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन जापान की युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा को



सीधे गेम में हराया। भारत की युवा युगल जोड़ी ने बर्मिंघम में दूसरे दौर के मैच में फुकुशिमा और हिरोटा की जापानी जोड़ी को 21-14, 24-22 से मात दी। 50 मिनट तक चले इस मुकाबले में भारतीय जोड़ी शुरुआती से ही हावी रही। त्रेसा और गायत्री की जोड़ी ने पिछले साल सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, जहां उसे चीन के झांग शक्सियन और जेन यू से हारकर बाहर होना पड़ा था। वहीं चैंपियनशिप के पहले दौर में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। इस स्टार जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग ने 21-10, 17-21, 19-21 से हराया। पिछले साल दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। इस साल दोनों के लिए शुरुआत ठीक नहीं रही। इंडिया ओपन में सात्विक रनिकरेड्डी को हिप में चोट आ गई थी। जिस वजह से पेयर बाहर हो गया। इसके बाद दोनों ने इंडोनेशिया मास्टर्स में भाग नहीं लिया।

# रोमांचक मुकाबले में 11 रन से जीती जायंट्स की टीम, प्लेऑफ की आस बरकरार

**मुंबई।**

विमेंस प्रीमियर लीग में गुरुवार को गुजरात जायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 11 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ गुजरात की टीम ने प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बरकरार रखी है। वहीं, दिल्ली का इंतजार बढ़ गया है। दिल्ली की कप्तान मेग लेनिंग ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 147 रन बनाए। लौरा वुलफार्ट (57) और एश्ले गार्डनर (51 नाबाद) ने हाफ सेंचुरी जमाई। जेस जॉनसन ने दो और मारियान कैप ने 1 विकेट लिया। जवाब में दिल्ली की टीम 18.4 ओवर में 136 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। मारियान कैप ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। किम गार्थ, तनुजा कंवर और एश्ले गार्डनर ने 2-2 विकेट लिए। तनुजा कंवर ने दूसरे ओवर में शेफाली वर्मा का विकेट लिया। दिल्ली की शुरुआत खराब रही और ओपनर शेफाली वर्मा 8 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान मैग लेनिंग 15 बॉल पर 18 रन बनाने के बाद स्नेह राणा की गेंद पर स्ख्ड्ड आउट हो गईं। एलिस कैप्सी को रन आउट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। जेमिमा रॉड्रिग्स भी कुछ खास नहीं कर पाईं और 1 रन बनाकर किम गार्थ की गेंद पर आउट हुईं। जेस जोनासेन का विकेट हरलीन देओल ने लिया। तानिया भाटिया गार्डनर की गेंद पर बोल्ड हुईं, वहीं मारियान कैप रन आउट हुईं। तनुजा कंवर ने राधा यादव के रूप में अपना दूसरा विकेट लिया।

हालैंड ने की मेसी और एड्रियानो के रिकॉर्ड की बराबरी

# मुकाबले में 5 गोल दागे, लीपजिग को 7-0 से हराकर मैनचेस्टर सिटी चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में

मौजूदा सीजन में टीम के लिए कमाल करने वाले एर्लिंग हालैंड के 5 गोल की मदद से मंगलवार को मैनचेस्टर सिटी ने लीपजिग को 7-0 से हराकर श्वस्न चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं लीग का दूसरा मुकाबला इंटर मिलान और पोर्तो के बीच 1-1 से ड्रॉ पर खत्म हुआ। इस तरह राउंड ऑफ-16 के दोनों लेग के मुकाबलों के एग्रीगेट के आधार पर सिटी और मिलान अंतिम-8 में पहुंच गईं। इस मुकाबले के हीरो हालैंड रहे जिन्होंने 5 गोल दागे। हालैंड ने और भी कई रिकॉर्ड बनाए। हालैंड 30 गोल के आंकड़े तक सबसे कम उम्र में पहुंचने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उन्होंने 22 साल 236 दिन की उम्र में यह कारनामा किया। पिछला रिकॉर्ड किलियन एम्बापे के नाम था, जिन्होंने 22 साल 352 दिन की उम्र में यह आंकड़ा छुआ था। यूरोपीय फुटबॉल की इस शीर्ष प्रतियोगिता के इस मुकाबले में हालैंड ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह चैंपियंस लीग में सबसे कम मैचों में सबसे जल्दी 30 गोल के आंकड़े को छूने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने महज 25वें मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। हालैंड ने चैंपियंस लीग के किसी एक मुकाबले में 5 गोल करने के मामले में लियोनल मेसी और लुईज एड्रियानो के रिकॉर्ड की बराबरी की। इससे




पहले लियोनल मेसी और लुईज एड्रियानो ही चैंपियंस लीग के किसी एक मुकाबले में पांच गोल कर पाए थे। चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ-16 के सेकंड लेग के मुकाबलों के बाद क्वार्टर फाइनल के लिए 6 टीमों ने अपनी जगह पक्की की कर ली है, वहीं 2 टीमों की जगह अभी बाकी है। बायर्न म्यूनिख, चेल्सी, एसी मिलान, बेनेफिका, मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान ने अंतिम-8 में जगह बना ली है। पेरिस सेंट जर्मेन, टोटेनहम हॉटस्पर और डार्टमंड जैसी बड़ी टीमें लीग से बाहर हो गई हैं।

## मिशन वर्ल्ड कप पर टीम इंडिया

**मुंबई।** अब भारतीय टीम मिशन वनडे वर्ल्ड कप पर है। जो अक्टूबर-नवंबर में भारतीय सरजमीं पर ही खेला जाना है। टीम इंडिया ने आखिरी आखिरी वर्ल्ड कप भी अपनी सरजमीं पर ही जीता था। तब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया था। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को अपनी तैयारी भी पुख्ता रखनी होगी, क्योंकि भारतीय फैंस की उम्मीदें उस इतिहास को दोहराते देखने की होंगी। राहुल द्रविड़ की कोचिंग वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने वर्ल्ड कप अभियान का आगाज करेगी। टीम को वर्ल्ड कप से पहले कम से कम 14 वनडे मैच खेलने हैं। इनमें 9 द्विपक्षीय सीरीज के और 5 एशिया कप के मैच होंगे। यदि भारत एशिया कप के फाइनल में पहुंचता है तो एक मैच और बढ़ जाएगा।

विमेंस टीम से मिले कोहली बताया अपना संघर्ष

# कहा- आई पी एल अभी तक नहीं जीता, लेकिन यह मुझे हर साल उत्साहित होने से नहीं रोकता

महिला प्रीमियर लीग 2023 (ड्ढक्क) के पहले सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (क्रष्टक्च) की खराब शुरुआत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली महिला टीम से मिले और उसकी जीत में अहम भूमिका भी निभाई। उन्होंने टीम की जीत के लिए महिला खिलाड़ियों से बात की और जीत का मंत्र दिया। वहीं ड्ढक्क का 13वां मैच बुधवार को यूपी वॉरियर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला गया। क्रष्टक्च ने टूर्नामेंट में अपने पहले पांच मैच गंवाए और यूपी वारियर्स के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। फ्रैंचाइजी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें कोहली ड्ढक्क में अपने संघर्षों के बारे में बातचीत करते नजर आ रहें है। कोहली विडियो में



कहते दिख रहें है, मैं 15 साल से ढ्ढक्क खेल रहा हूं, लेकिन मैंने अभी तक एक भी खिताब नहीं जीता है। लेकिन यह मुझे हर साल उत्साहित होने से नहीं रोकता है। मैं यही कर सकता हूं, मैं बस हर मैच में प्रयास कर सकता हूं। हर मैच और हर टूर्नामेंट में मैं यही सोच कर उतरता हूं कि अगर हम जीत गए, तो बढ़िया, अगर नहीं तो यह नहीं सोचने लगता कि अगर मैं ढ्ढक्क जीतूंगा तो ही खुशी से मर सकूंगा। ऐसा नहीं होता है। हमेशा उस अवसर के बारे में सोचें जो आपके पास है, बजाय इसके कि अभी कितना बुरा हो रहा है। हमने अभी तक ढ्ढक्क नहीं जीता, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि हमारे पास दुनिया के सबसे अच्छे फैंस हैं। यह इस वजह से क्योंकि हम क्रष्टक्च के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह हमारे फैंस के लिए सबसे बड़ी बात है। हम फैंस को हर साल ट्रॉफी नहीं दे सकते, लेकिन हम उन्हें हर बार अपना 110त्न जरूर दे सकते हैं। स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को विमेंस प्रीमियर लीग (ड्ढक्क) में पहली जीत हासिल की है। टीम ने यूपी वारियर्ज को 5 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही बेंगलुरु ने लीग के प्ले ऑफ में प्रवेश की उम्मीदें कायम रखी हैं। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीता और फील्डिंग करने का फैसला लिया। यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हेरिस-दीप्ति की अर्धशतकीय साझेदारी के दम पर 135 रन बनाए। 136 रनों का टारगेट बेंगलुरु ने 18 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया।

# ऋषभ पंत स्विमिंग पूल में कर रहे चलने की प्रैक्टिसःवीडियो पोस्ट किया

**दिल्ली।** पंत ने बुधवार को यह वीडियो पोस्ट किया। वे 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से देहरादून जाते वक्त एक कार हादसे का शिकार हो गए थे। कार हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अब ठीक हो रहे हैं। 25 साल के स्टार विकेटकीपर पंत अब स्टिक के सहारे चलने भी लगे हैं। वे जल्द ही ठीक हो जाएंगे। इसके लिए पंत कड़ी मेहनत भी कर रहे हैं। पंत ने इसकी झलक अपने सोशल मीडिया फैंस को दिखाई है। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो पोस्ट



किया, जिसमें वे स्विमिंग पूल के अंदर पानी में चलते नजर आ रहे हैं। उनके हाथ में एक स्टिक है। पंत ने पोस्ट में लिखा, छोटी-बड़ी हर चीज के लिए आभारी हूं। 30 दिसंबर 2022 को सुबह 5ञ्30 बजे दिल्ली से देहरादून जाते हुए कार हादसे में बुरी तरह घायल हुए पंत 6 हफ्ते तक अस्पताल में रहे और अब रिकवरी कर रहे हैं। बता दें कि पंत मैदान में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जिसका जिक्र कुछ दिन पहले उन्होंने एक इंटरव्यू में किया था। पंत कुछ दिन पहले बैसाखी के सहारे चलते दिखे थे। उन्होंने 10 फरवरी को कुछ फोटोज पोस्ट किए थे। जिसमें वे एक्सीडेंट के बाद पहली बार चलते नजर आए थे।

सिंधु ऑल इंग्लैंड ओपन के पहले ही दौर में हारीं

# इस साल लगातार तीसरे टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप 2023 टूर्नामेंट में बुधवार को पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। वहीं चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारतीय महिला जोड़ी ने बड़ा उलटफेर किया। त्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला ने 7वीं सीड जोड़ी जोंगकोलफान किटीथाराकुल और राविंडा प्रजोंगजाई को शिकस्त दी। दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी सिंधु को महिला एकल मुकाबले में चीन की खिलाड़ी झांग यी मैन के खिलाफ सीधे गेम में 17-21, 11-21 से हार का सामना करना




पड़ा। दोनों के बीच बराबरी की टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में चीन की खिलाड़ी को जीत मिली। सिंधु इस साल लगातार तीसरे टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हुई है। इससे पहले वह इस साल जनवरी में खेले गए मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के पहले दौर से बाहर हो गई थीं। वहीं जॉली और गायत्री की जोड़ी ने किटीथाराकुल और प्रजोंगजाई को 21-18, 21-14 से हराया। इस जीत के साथ झांग ने सिंधु के खिलाफ हार-जीत का अपना रिकॉर्ड सुधारते हुए 2-1 कर लिया। सिंधु और झांग की भिड़ंत 1-1 से बराबरी पर है। इन दोंनो खिलाड़ियों की आखिरी भिड़ंत मलेशिया में 2022 में हुई थी, जिसे सिंधु ने सीधे गेमों में जीता था। इससे पहले झांग ने सिंधु को 2022 में हराया था। ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैपिंयनशिप के पहले दिन एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पहला राउंड जीतकर दूसरे राउंड में पहुंच गए। एचएस प्रणय ने ताइवान के वांग जू-वी को हराया। मंगलवार को खेले गए इस मुकाबले में भारतीय शटलर ने लगातार दो गेम्स 21-19 और 22-20 से जीतकर दूसरे दौर में अपनी जगह बना ली। वहीं, लक्ष्य सेन ने भी ताइवान के ही चाउ टीएन-चेन को हराकर उनके अगले दौर में पहुंचने की उम्मीदों को तोड़ दिया।

# छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 के प्रारूप के अनुमोदन पर श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ पुष्पांजलि टूडे**

**रायपुर,** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसग? मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किये जाने पर छत्तीसग? श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। छत्तीसग? श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने कहा है कि मीडिया कर्मियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे अपने कर्तव्यनिर्वहन के लिये जल्द ही मीडिया कर्मियों को सुरक्षा कवच



मिलेगा। प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा की मुख्यमंत्री बघेल ने इस मामले में रुचि लेकर सुप्रीम कोर्ट के अवकाश प्राप्त जस्टिस आफताब आलम की अध्यक्षता में प्रारूप निर्माण कमेटी बनाई। सुरक्षा विधेयक के मसौदा को लेकर जस्टिस आलम ने रायपुर, जगदलपुर एवं सरगुजा में बैठकें ली। इन तीनों स्थानों में छत्तीसग? श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रतिनिधियों ने भी मसौदे पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सर्वश्री बृजेश चौबे, राजेश मिश्रा, मोहन तिवारी, राम साहू, अब्बास अली, हरबंस अरोरा, प्रांतीय सचिव मनोज मिश्रा अश्वनी अवस्थी पुष्पांजलि टूडे ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ ने मीडिया कर्मियों के प्रति सहृदयता रखने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# बूथ मजबूत होगी तो भाजपा मजबूत होगीः मुरलीधर सिन्हा

**त्रिलोकी तिवारी ब्यूरो चीफ गरियाबंद**

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के आह्वान पर बूथ सशक्तिकरण अभियान की शुरूआत 17 मार्च से 27 मार्च 2023 किये जाने की आज शक्तिकेंद्र मालगांव एवं शक्तिकेन्द्र घुटकुनावपारा से शुरुआत किये गए जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठछत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भाजपा पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा थे । श्री सिन्हा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी, पार्टी नहीं परिवार है और कार्यकर्ताओं की पार्टी है इसलिये हम संगठन के लिए साल के 365 दिन कार्य करते हैं । भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता जनता से सीधे जुड़े होते हैं आज हम बूथ सशक्तिकरण करने उपस्थित हुए हैं, पूर्व में अपना बूथ, सबसे मजबूत पर संगठन का कार्य किये हैं उसी तरह प्रदेश की भूपेश सरकार की विफलता और कुशासन को बेनकाब किये हैं जिसका अच्छा प्रतिसाद मिला है साथ ही मोर आवास, मोर अधिकार आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया और 8 लाख प्रधानमंत्री आवास अपूर्ण की राज्यांश राशि भुगतान करने और 16 लाख नए प्रधानमंत्री आवास गरीबों को शीघ्र देने भाजपा ने विधानसभा भवन का घेराव किया गया जिसमें राज्य की काँग्रेस सरकार हिल गई है आगे और आंदोलन करके भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने का भाजपाइयों ने संकल्प लिया है । भाजपा वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि हमें बूथ को मजबूत करना है इसलिए बूथ मजबूत होंगे तो पार्टी मजबूत होगी तो हमें 17 मार्च से 27 मार्च तक सभी बूथ पर सशक्तिकरण अभियान चलाना है जिसके लिए प्रभारी व तिथि तय कर लिया जावे । शक्तिकेन्द्र



मालगांव विस्तारक नेहरूलाल साहू एवं शक्तिकेन्द्र घुटकुनवापारा विस्तारक सलीम खान ने राष्ट्रपति महामहिम श्रीमति द्रौपदी मुर्मू जी संसद में दिए अभिभाषण का वाचन किये । जिसमें मालगांव शक्ति केंद्र से संबधित बूथ टोइयामुड़ा, बारुका, मालगांव ,कोदोबत्तर, पाथरमोहदा, कोकड़ी एवं घुटकुनवापारा शक्तिकेन्द्र के अंतर्गत बूथ कासरबॉय, घुटकुनवापारा, भेजराडीह, बेहराबुड़ा, सोहागपुर के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण ,बुथ अध्यक्षगण शक्ति केंद्र संयोजक ,सहसंयोजक गण उपस्थित हुए । जिसमें मालगांव शक्तिकेन्द्र से फारुख चौधरी जी , शालिकराम निषाद, नंदकुमार साहू जी , संजु साहू , कुपेश ध्रुव ,पंचम साहू देवशरण साहू, भुनेश्वर निषाद शक्तिकेन्द्र घुटकुनवापारा से मंडल उपाध्यक्ष देवेश्वर गजेन्द्र, भागीरथी साहू, राजेन्द्र तिवारी, भगवती राम, रूपराम ध्रुव, बलराम गंधर्व, डायालाल ध्रुव, हिराऊ राम ध्रुव सहित भाजपा कार्यक्रर्तागण उपस्थित थे ।

# तहसील साहू संघ देवभोग ने आराध्या माता कर्मा जयंती समारोह ग्राम बुद्धूपारा में बड़े धूमधाम से मनाया गया





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग –** कर्मा जयंती मे साहू समाज के व्दारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें तहसील साहू संघ के अन्तर्गत आने वाले समस्त समाज बंधु सम्मिलित हुए,साथ ही स्व सहायता समूह के महिलाओं माता बहन एवम बच्चों ने भाग लिया,शोभा यात्रा के दौरान माता का भजन कीर्तन करते जयकारा के साथ शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम आयोजित किया गया।शोभायात्रा के दौरान जनपद सदस्य एवं संघ के मीडिया प्रभारी होरी लाल साहू के द्वारा सभी भक्तों को शरबत पिलाया गया और संघ के उपाध्यक्ष श्रीमती सुजाता साहू ने प्रसाद का वितरण किया गया,हर्षोल्लास के साथ माता कर्मा की महा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया साहू समाज के अध्यक्ष अनिल साहू ने संबोधन मे संत शिरोमणि तैलिक वंश की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साहू समाज बहुत ही संगठित तथा सभी क्षेत्र में अग्रिम भूमिका निभाने वाली समाज है,हमे संगठित होकर सर्वसमाज के हित में कार्य करना है,कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश साहू संघ के सदस्य अशोक बजरंग साहू,संरक्षक डूमर लाल साहू ,प्यारे लाल साहू ,उपाध्यक्ष रतन लाल साहू,सलाहकार कवि राम साहू ,मुरारी साहू,महामंत्री संजय साहू,तुलसी साहू,हरि राम साहू,न्याय प्रकोष्ठ सदस्य अमृत साहू,साहू राम साहू,सुखनंदन साहू,श्रवण,संगठन सचिव धर्मेंद्र साहू,सचिव हेमन्त साहू,युवा प्रकोष्ठ के संयोजक अभिषेक साहू,डीकेश साहू,रंजीत साहू, ममता,भूमिका,मेघा,सोनिया,देवभोग जोन उपाध्यक्ष श्रीमती अदिती साहू,सचिव श्रीमती धानिता साहू ,बृंदा साहू महिला संयोजिका श्रीमती गरिमा साहू,भाग्यश्री साहू,ममता साहू,कविता साहू, पिंकी साहू, सरोज साहू,छुकुन साहू सहित समाज बंधु उपस्थित रहे।

# बूथ मजबूत होगी तो भाजपा मजबूत होगीः मुरलीधर सिन्हा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद –** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के आह्वान पर बूथ सशक्तिकरण अभियान की शुरूआत 17 मार्च से 27 मार्च 2023 किये जाने की आज शक्तिकेंद्र मालगांव एवं शक्तिकेन्द्र घुटकुनावपारा से शुरुआत किये गए जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भाजपा पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा थे श्री सिन्हा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी, पार्टी नहीं परिवार है और कार्यकर्ताओं की पार्टी है इसलिये हम संगठन के लिए साल के 365 दिन कार्य करते हैं,भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता जनता से सीधे जुड़े होते हैं आज हम बूथ सशक्तिकरण करने उपस्थित हुए हैं,पूर्व में अपना बूथ, सबसे मजबूत पर संगठन का कार्य किये हैं उसी तरह प्रदेश की भूपेश




सरकार की विफलता और कुशासन को बेनकाब किये हैं जिसका अच्छा प्रतिसाद मिला है साथ ही मोर आवास, मोर अधिकार आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया और 8 लाख प्रधानमंत्री आवास अपूर्ण की राज्यांश राशि भुगतान करने और 16 लाख नए प्रधानमंत्री आवास गरीबों को शीघ्र देने भाजपा ने विधानसभा भवन का घेराव किया गया जिसमें राज्य की काँग्रेस सरकार हिल गई है आगे और आंदोलन करके भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने का भाजपाइयों ने संकल्प लिया है,भाजपा वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि हमें बूथ को मजबूत करना है इसलिए बूथ मजबूत होंगे तो पार्टी मजबूत होगी तो हमें 17 मार्च से 27 मार्च तक सभी बूथ पर सशक्तिकरण अभियान चलाना है जिसके लिए प्रभारी व तिथि तय कर लिया जावे, शक्तिकेन्द्र मालगांव विस्तारक नेहरूलाल साहू एवं शक्तिकेन्द्र घुटकुनवापारा विस्तारक सलीम खान ने राष्ट्रपति महामहिम श्रीमति द्रौपदी मुर्मू जी संसद में दिए अभिभाषण का वाचन किये,जिसमें मालगांव शक्ति केंद्र से संबधित बूथ टोइयामुड़ा, बारुका, मालगांव ,कोदोबत्तर, पाथरमोहदा,कोकड़ी एवं घुटकुनवापारा शक्तिकेन्द्र के अंतर्गत बूथ कासरबॉय, घुटकुनवापारा,भेजराडीह, बेहराबुड़ा,सोहागपुर के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण ,बुथ अध्यक्षगण शक्ति केंद्र संयोजक ,सहसंयोजक गण उपस्थित हुए । जिसमें मालगांव शक्तिकेन्द्र से फारुख चौधरी,शालिकराम निषाद,नंदकुमार साहू ,संजु साहू ,कुपेश ध्रुव,पंचम साहू,देवशरण साहू, भुनेश्वर निषाद शक्तिकेन्द्र घुटकुनवापारा से मंडल उपाध्यक्ष देवेश्वर गजेन्द्र,भागीरथी साहू, राजेन्द्र तिवारी,भगवती राम, रूपराम ध्रुव,बलराम गंधर्व, डायालाल ध्रुव,हिराऊ राम ध्रुव सहित भाजपा कार्यक्रर्तागण उपस्थित थे ।

### प्रदेश सरकार बताए, बाघों पर 183 करोड़ से ज्यादा रकम कहां खर्च की गई - भाजपा

# पूर्व वन मंत्री गागड़ा ने पूछा क्या अब अन्य प्राणियों की राशि में भ्ष्ट्राचार की नई इबारत लिखी जा रही है?

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार ने पिछले 2019 से 2022 (तीन वर्षों) में राज्य भर के कुल 19 बाघों पर 183.77 करोड़ खर्च कर दिए जबकि विशेषज्ञों व वन्यजीव संरक्षण के अभियान के लिए काम करने वालों का मानना है कि रिजर्व फॉरेस्ट के बाघों के खान-पान पर कोई खर्च ही नहीं किया जाता।पूर्व वन मंत्री एवं भाजपा नेता श्री गागड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार क्या अब वन्य प्राणियों के लिए तयशुदा बजट राशि में भी भ्रष्टाचार का कोई नया अध्याय लिख रही हैड़ श्री गागड़ा ने कहा कि 2019 से 2022 के वर्षों में खर्च की गई इतनी बड़ी रकम के बारे में प्रदेश सरकार स्थिति स्पष्ट करे। हर क्षेत्र में कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार और घोटाले करके छत्तीसगड़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनाने वाली मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार नित नए घोटालों की इबारत लिख रही है और अब तो वन्य प्राणियों की बजट की राशि को लेकर सामने आए तथ्य इस सरकार के भ्रष्टत्तम राजनीतिक चरित्र की गवाही दे रहे है। श्री गागड़ा ने कहा कि रिजर्व फॉरेस्ट में पेट्रोलिंग को छोड़कर बाघों पर कोई खर्च नहीं होता और न ही वहां कोई बड़ा निर्माण कार्य हो सकता है। यह जंगल है और बाघों को वहां नितांत प्राकृतिक वातावरण में रखना होता है, तब यह रकम कहां खर्च की गईड़भाजपा नेता व पूर्व मंत्री श्री गागड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार वन्य जीव संरक्षण और संवर्धन के नाम पर भी कोरी लफ्फाजी कर रही है। इस सरकार में न केवल वन्य प्राणियों की मौत, शिकार और तस्करी के मामले बड़े हैं, अपितु जंगली इलाकों में बसे गांव में वन्य प्राणियों के मामलों में ग्रामीणों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। श्री गागड़ा ने कहा कि छत्तीसगड़ में पिछले 4 साल में जंगली हाथियों के हमले में 204 लोगों की मौत हुई। इसी तरह 45 हाथी भी सुरक्षा की बदइंतजामी के चलते मारे गए। वन्य प्राणियों के शिकार और उनकी तस्करी के मामलों में बेहद इजाफा होना प्रदेश की कांग्रेस सरकार के नाकारापन की ताकीद कर रहे हैं। श्री गागड़ा ने कहा कि हाथियों के खान-पान के लिए, हाथियों को धान खिलाने की शेखी बघारती प्रदेश सरकार हाथ बांधे बैठी नजर आ रही है। हाथियों को आबादी इलाकों में आने-जाने से रोकने के लिए रिजर्व लेमरू प्रोजेक्ट का भी अब तक कोई अता-पता नहीं है। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने अपने कुकर्मों और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए शिगूफे छोड़ने के अलावा कोई ठोस काम नहीं किया है। अब बाघों पर 183.77 करोड़ रुपए के खर्च का यह सच इस सरकार को कठघरे में लाने के लिए पर्याप्त है।

### नगर निगमों में कोई भी योजना क्रियान्वयन से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है - भाजपा

# निगम किसी एक ऐसी योजना का नाम बताएं जो फायदे में हो भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति द्वय संजय श्रीवास्तव व प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को कर्ज के दलदल में धसा चुके राज्य सरकार और उनके निकाय का पेट नहीं भरा है जो जनता को लूटने के लिए नई नई योजनाएं ईजाद कर रहे हैं । पूर्व सभापति द्वय संजय श्रीवास्तव व प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने रायपुर नगर निगम द्वारा 200 करो? रुपए के ग्रीन बॉन्ड जारी करने का प्रस्ताव पर कहा कि जो नगर निगम पहले ही क?ों के बोझ तले दबा हुआ है, जो निगम अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए राज्य सरकार की मोहताज हो, उसकी इस योजना की विश्वसनीयता क्या होगी यह जनता समझ नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि अपनी विश्वसनीयता खो चुका नगर निगम यदि कायदे से शहर में प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली करे, अपने बेतरतीब बने संपत्ति की व्यवस्थित ढंग से बिक्री करें। तो निगम की स्थिति कुछ सुधर सकती है। उन्होंने कहा कि कितनी हास्यास्पद बात है कि निगम के अधिकारी और जिम्मेदार पदाधिकारी यह तय नहीं किए हैं कि जनता से जुटाए पैसे कहां लगाए जाएंगे और बिना योजना बनाएं इसे एमआईसी में पास भी कर दिए। जबकि वह अच्छे से जानते हैं कि बांड के पैसों पर जनता को ब्याज भी देना पड़ेगा और समय आने पर उसे वापस भी लौटाना पड़ेगा।भाजपा नेता द्वय संजय श्रीवास्तव व प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन में प्रदेश के सभी निकायों की स्थिति एक ही जैसी बदहाल है। उन्होंने कहा कि निगम बांड 3,5,7 और 10 साल के लिए जारी करेंगे और महापौर जानते हैं कि जो पैसे आज वह जनता से जुटाएंगे उन्हें तो वह पैसे लौटाने नहीं है। इसलिए ऐसी योजना लाने में उन्हें संकोच नहीं है। नेता द्वय ने कहा की जनता जानना चाहती है कि निगम में जहां पिछले 13 वर्षों से अधिक समय तक कांग्रेस की सत्ता है। किसी एक ऐसी योजना का नाम बताएं जो फायदे में हो। वर्तमान नगर निगम के कार्यकाल में स्मार्ट सिटी के पैसे से 5 करोड़ के फव्वारे, चौराहा सौंदर्यीकरण, चहेतो को काम देने के लिए टुकड़ों में निविदा आवंटन जैसे भारी भ्रष्टाचार के मामलों का कहीं और उदाहरण नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के नाम पर भवन-भूमि नियमितीकरण के नाम पर लूट मचा रखी है। इस नियमितीकरण की आ? में प्रदेश के कांग्रेसी महापौर और नपा-नपं अध्यक्षों ने सभी निर्माण को अवैध बताकर नियमित करने का नोटिस जारी कर दिया और निकाय के अधिकारियों और निकाय के कांग्रेसी पदाधिकारियों ने डरा धमकाकर लोगों से बेजा कमाई का जरिया बना लिया है। पूर्व सभापति द्वय संजय श्रीवास्तव व प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में नगर निकायों के अर्थतंत्र को मजबूती देने के ठोस इंतजाम कर उन्हें पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए गए थे।उन्होंने कहा कि राजधानी रायपुर में कोई भी योजना क्रियान्वयन से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है, ऐसी स्थिति में नगर निगम की ग्रीन बांड योजना संदिग्ध है और अगर जनता इनके धोखे पर आकर इस योजना में पैसे लगा भी देती है। तो उस पैसे के सुरक्षित रहने की गारंटी कौन लेगा यह तय नहीं है।

# न्याय योजना के नाम पर अंतर की जो राशि कांग्रेसी सरकार देती है शराब बेचकर वह उसे वापस भी ले लेती है : नारायण चंदेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे के उस बयान को कांग्रेस के सेद झूठ परोसने के शर्मनाक राजनीतिक चरित्र का परिचय बताते हुए कहा है कि पूरे देश में किसानों को सबसे ज़्यादा पैसा छत्तीसगढ़ सरकार दे रही है यह प्रदेश को ?ुमराह करने वाला कृत्य है और इसके लिए उन्हें प्रदेश के किसानों से बिना शर्त मागी मांगनी चाहिए।नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि किसानों के नाम पर 61 हजार करोड़ रुपए का कज लेकर छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का एटीएम बना देने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी प्रदेश के किसानों से क्षमा मांगते हुए पश्चाताप यात्रा पर निकलना चाहिए। श्री चंदेल ने कहा कि धान ख़रीदी का लगभग सारा पैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देती है। कथित न्याय योजना के नाम पर छत्तीसग? की सरकार जो पैसे देती है, कांग्रेस की यह बघेल सरकार वह पैसा शराब पिलाकर वापस ले लेती है। पूर्ण शराबबंदी के अपने वादे से मुकरकर छल-कपट की सारी हदें पार करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आम जनता से अन्याय करते हुए छत्तीसगढ़ को शराब में डुबो दिया है। श्री चंदेल ने कहा कि इस सरकार ने दो साल का बकाया किसानों का बोनस भी वादा करके नहीं दिया। किसान पुत्रों-पुत्रियों को रोजगार आदि से वंचित किया। उनके बेरोज़गारी भत्तों का ग़बन कर अन्याय किया। रोज़गार को लेकर झूठ पर झूठ बोला। नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि ग़रीबों की बात करने वाली कांग्रेस की सरकार ने केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा भेजे जा रहे करीब अन्न कल्याण योजना का पांच हज़ार करोड़ का चावल ग़बन कर प्रदेश की जनता से अन्याय किया। इसी तरह 16 लाख पक्के मकान प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसानों के ही बनने थे, उसे भी प्रदेश की बघेल सरकार ने छीन लिया। श्री चंदेल ने कहा कि अपने मुँह मियाँ मिठ्ठू बनकर हर मोर्चे पर प्रदेश के बेरोजगारों, महिलाओं, बुजुर्गों ,मजदूरों कर्मचारियों साथ अन्याय करने वाली इस कांग्रेस सरकार को प्रदेश की जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में मुँहतो? ?वाब देगी और तब प्रदेश की जनता वास्तव में जश्न मनाएगी।

## ।।दुखद निधन।।



**अमलीपदर**–अत्यंत दुखद समाचार अमलीपदर के वरिष्ठ नागरिक श्री निरंजन भाई पटेल (नीरु भाई) जी भुतपूर्व जनपद उपाध्यक्ष मैनपुर एवं पटेल मेडिकल अमलीपदर के संचालक का आज अचानक निधन हो गया। क्षेत्र में शोक की लहर।

**त्रिलोकी तिवारी ब्यूरो चीफ**

राजगुरु पब्लिक स्कूल गुना ने

# सीबीएसई पेटर्न के नाम पर दिखाया ख्वाब, शुरू कर दी गई लूटमार अधिनियम. टांगे खुटी पर

पुष्पांजली टुडे

**गुना।** निजी विद्यालयों के लिए नियम सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं। निजी स्कूलों ने नियम कायदे खुटी पर टांग दिए हैं कहीं दुकानों में तो कहीं चार कमरों में संचालित हो रहे हैं।

निरीक्षण किए बिना ही दे दी गई मान्यता

ना ही बच्चों के लिए खेल का मैदान उपलब्ध है और ना ही बच्चों को बैठने की कोई बेहतर व्यवस्था है।

शिक्षा को व्यवसाय बना कर की जा रही कमाई

किसी भी देश के विकास में शिक्षा का स्थान सर्वोपरि माना जाता है क्योंकि धर्म चाहे कोई भी हो उसमें शिक्षा को एक विशेष स्थान दिया जाता है। लेकिन इसी शिक्षा को अधिकांश स्कूलों में अब व्यवसाय में परिवर्तित कर दिया गया है। हालात यह हैं कि शिक्षा कारोबारी धीरे-धीरे पूरे जिले में पैर पसारते जा रहे हैं। इन सब में खास बात यह है कि पोर्टल पर मनगढ़ंत जानकारी भरकर विभाग के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। मामले में जब पड़ताल की गई तो जो सच सामने आया वह चौंकाने वाला था। दरअसल पोर्टल पर दर्ज की गई शिक्षा विभाग की जानकारी में जब कुछ स्कूलों में जाकर देखा तो वहां का जो नजारा था वह पोर्टल में दर्ज जानकारी से एकदम उलट था जिसमें की खेल मैदानों व बच्चों के बैठने वाले कक्षाओं की जानकारी जो पोर्टल पर थी वह पूरी तरह से असत्य पाई गई। जिले में गली कूचों में चाय-नास्ता की दुकानों जैसे स्कूल खोले गए हैं, स्कूलों में सुविधा के नाम पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। लेकिन फीस भारी भरकम वसूली जा रही है। शहर में खुले 150 से अधिक निजी स्कूलों का जायजा लेकर पोर्टल पर दी गई जानकारी को जांचा तो जो सच सामने आया वह चौंकाने वाला था जो पोर्टल पर था वह नहीं मिला पोर्टल की जानकारी की सत्यता जांचने शहर के कुछ स्कूलों का निरीक्षण किया।

**शहर में स्थित निजी स्कूल की पोर्टल पर दर्ज जानकारी देखने पहुंचे**-जहां पर देखने मिला की दोनों स्कूल एक ही बिल्डिंग में संचालित जबकि संस्थान द्वारा पोर्टल पर अलग-अलग बिल्डिंग और खेल मैदान आदि दर्शाऐ गए हैं। मौके पर देखने मिला कि स्कूल के पास खेल मैदान का अभाव है और यदि स्कूल से लगे प्लॉट को खेल मैदान दर्शाया गया तो उसे व्यवस्थित कर उसका उपयोग क्यों नहीं किया गया। इसी तरह से वायपास रोड पर स्थित एक निजी स्कूल का जायजा भी लिया तो पता लगा कि यहां भी पोर्टल के अनुसार अनेक कमियां हैं। यहां पर खेल मैदान दर्शाया गया है, जबकि स्कूल के बगल में पडी जगह में गंदगी और नाली का पानी भरा था।

**पालकों से अधिक फीस, शिक्षकों को वेतन कम**-निजी शालाओं में पालकों से 100 रुपए से लेकर 1700 रुपए तक प्रत्येक विद्यार्थियों से मासिक शुल्क वसूला जा रहा है। लेकिन ऐसे स्कूलों में आरटीई के मापदंड के अनुरूप शिक्षक नहीं हैं।

जानकारी के अनुसार निजी शालाओं में न्यूनतम 8 सौ रुपए से अधिकतम 5 हजार रुपए तक मासिक पगार दी जा रही है।लिहाजा अल्प वेतनमान पर डीएड, बीएड जैसे योग्यताधारी शिक्षक नहीं मिलते। नगर के निजी स्कूलों में शिक्षकों को केवल 10 महीने का अल्प वेतनमान दिया जा रहा है और पालकों से बच्चों की 12 महीने की फीस वसूली जा रही है।

**रहवासी मकानों में चल रहे स्कूल**-नगर के कई निजी स्कूल ऐसे भी हैं जो कि रहवासी मकानों में संचालित किए जा रहे हैं। महज 15 सौ से 2 हजार वर्ग फुट के मकानों में विगत कई वर्षो से प्राथमिक शालाएं संचालित की जा रही है। ऐसे स्कूलों में बच्चों के लिए आरटीई के मापदंड के अनुरूप न ही पर्याप्त कमरे हैं और न कमरों का आकार मापदंड के अनुरूप है।

**खेल मैदान के लिए विद्यार्थी होते हैं परेशान**-अधिकतर प्रायवेट स्कूलों में प?ने वाले बच्चों के लिए खेल मैदान भी उपलब्ध नहीं है मान्यता देते वक्त शिक्षा विभाग द्वारा महज पोर्टल पर भरी जानकारी के आधार पर बिना जांच किये ही अनुमति दी जाती है। 50 से 100 विद्यार्थियों को पढ़ा रहे एक शिक्षक, नगर के निजी स्कूलों में 50 से 100 विद्यार्थियों को एक शिक्षक पढ़ा रहे हैं। आरटीई के मापदंड के अनुरूप 30 विद्यार्थी पर एक शिक्षक जरूरी है। एक शिक्षक के भरोसे 30 से अधिक विद्यार्थियों की कक्षाएं ली जा रही है।




**दुकानों में चल रहे स्कूल**-शहर के अभी तक छोटे छोटे मकानों में स्कूल चलाए जा रहे थे लेकिन अब स्कूल संचालकों और अधिकारियों की मिलीभगत से शटर लगी दुकानों में स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। लेकिन इस ओर अधिकारियों द्वारा ध्यान भी नहीं दिया जा रहा है।

**स्कूल शिक्षा देने का मंदिर, व्यवसाय के तौर पर लिया जा रहा उपलब्ध**-बता दें कि प्राइवेट अनएडेड मान्यता प्राप्त स्कूल ट्रस्ट या सोसायटी द्वारा चलाए जाते हैं और उनके पास लाभ कमाने और व्यावसायीकरण की कोई गुंजाइश नहीं होती है। ऐसे में ये आदेश उन सभी निजी स्कूलों पर नकेल कसेगा जो किताबें व स्कूल ड्रेस के नाम पर पेरेंट्स से मोटा पैसा लेकर लाभ कमाने का काम करते थे। साथ ही शिक्षा निदेशालय ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी प्राइवेट स्कूल कम से कम 3 साल तक स्कूल ड्रेस के रंग डिजाइन व अन्य स्पेसिफिकेशन को नहीं बदलेगा।

**निजी स्कूलों का धंधा, अभिभावकों की मजबूरी** -निजी स्कूलों में बाजार की तरफ से भी महगे दामों पर किताबें बेचने का बेशक निजी स्कूलों का धंधा हो गया लेकिन यह अभिभावकों की मजबूरी भी है। इसके पीछे कई कारण है। पहला तो यह कि यह किताबें और वर्दियां बाजार में सुविधा की तरफ से नहीं मिलती और दूसरा यदि कोई विद्यार्थी बाजार की तरफ से किताबें या वर्दियां ले आए, तो उसको पूरा साल व्याकुल किया जाता है। परन्तु कई दुकानदारों ने कई स्कूलों के साथ वर्दियां बनाने का करार भी किया है यदि उसकी जगह अभिभावकों द्वारा दूसरी कम्पनी की किताबें किसी ओर जगह से खरीद ली जाती हैं तो कई बार वापस भेज दी जाती है।

## कल सागर संभाग के निवाड़ी जिले के ग्राम तरिचर कलां में कक्षा आठवीं की बालिका कुमारी नैनिका पटेल पिता श्री विनय पटेल द्वारा कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा के दबाव के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा देने के मानसिक दबाव के चलते कुमारी नैनिका पटेल ने अपने परीक्षा परिणाम के डर से मृत्यु का वरण कर लिया।सेवा संगठन द्वारा आठवीं की अबोध बालिका की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि देते हुए माननीय मुख्यमंत्री को इस हृदय विदारक घटना को ध्यान में रखते हुए पांचवी आठवीं के विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष बोर्ड परीक्षा ना लिए जाने हेतु पुनः निवेदन किया है। इस वर्ष ,सत्र 2022ड्ड23 के मध्य में शासन के द्वारा पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा की घोषणा की गई, जिसका सिलेबस 1 दिसंबर को जारी किया गया जिसके चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई सही तरीके से नहीं हो पाई । इस कारण पालक और विद्यार्थी दबाव में है, प्रदेश के कई विद्यालयों के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने राज्य शिक्षा केंद्र संचालक महोदय को पत्र लिखकर इस सत्र में पांचवी आठवीं की बोर्ड परीक्षा ना लेने हेतु अनुनय विनय किया । सितंबर 2022 से लेकर आज तक प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को कई बार ज्ञापन दिए और यह बताने का प्रयास किया कि पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षा इस वर्ष रद्द की जाए, क्योंकि जो विद्यार्थी पांचवी कक्षा में अध्यनरत है, कोरोना के चलते , कक्षा तीसरी और चौथी में अच्छी तरह से अध्ययन नहीं कर पाए । इसी प्रकार जो बच्चे कक्षा आठवीं में है, उन्होंने भी कक्षा छठी और सातवीं कक्षा का कोर्स कोरोना के चलते सही तरीके से नहीं पढ़ा है और उनका स्तर भी आज इतना नहीं है कि वह बोर्ड परीक्षा के दबाव को झेल सकें ।मध्य प्रदेश के कई अशासकीय शिक्षण संस्था संघ और संचालकों ने लगातार अलग-अलग माध्यमों से शासन के पास अपनी विरोध की आवाज बुलंद की परंतु तानाशाही शासन उसको मानने को तैयार नहीं है।सागर जिले के नगरीय प्रशासन मंत्री माननीय भूपेंद्र सिंह जी, सागर नगर विधायक माननीय शैलेंद्र जैन जी तथा नरयावली विधायक माननीय प्रदीप लारिया जी द्वारा शिक्षा मंत्री से कक्षा पांचवी आठवीं की बोर्ड परीक्षा इस सत्र न लिए जाने बाबत चर्चा की गई।सागर नगर विधायक माननीय शैलेंद्र जैन जी द्वारा जहां विधानसभा में पांचवी आठवीं के विद्यार्थियों को इस सत्र बोर्ड परीक्षा से मुक्त रखने का ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा गया वहीं दूसरी ओर नरयावली विधायक माननीय प्रदीप लारिया जी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर एवं शिक्षा मंत्री से चर्चा कर इस सत्र में पांचवी आठवीं की बोर्ड परीक्षा ना लिए जाने हेतु निवेदन किया गया।प्रदेश के अन्य जिलों द्वारा भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री जी मध्यप्रदेश शासन को ज्ञापन पत्र सौंपा गए लेकिन शासन-प्रशासन को बच्चों के जीवन से अधिक उनका मूल्यांकन प्यारा है।राज्य शिक्षा केंद्र की इस हठधर्मिता के चलते मध्य प्रदेश के सागर संभाग के जिला निवाड़ी में एक मासूम ने आठवीं की बोर्ड परीक्षा के मानसिक दबाव में आकर अपनी जान दे दी।इसी अनहोनी की आशंका से भयभीत विद्यालय संचालकों तथा अभिभावकों ने कई बार शिक्षा मंत्री एवं राज्य शिक्षा केंद्र संचालक का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया। लेकिन राज्य शिक्षा केंद्र को तो इसी वर्ष विद्यार्थियों की गुणवत्ता का परीक्षण करना अनिवार्य है हो गया है भले ही वह बच्चे बोर्ड परीक्षा के मानसिक दबाव में आकर अपनी जान दे दे लेकिन इन्हें तो अपना मूल्यांकन ही प्यारा है।यह कैसी हठधर्मिता है जोकि अबोध विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति को ना समझते हुए उनके लिए जीवन मरण का प्रश्न खड़ा कर रही है..? विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के चलते प्रदेश के कुछ संगठनों तथा अभिभावकों द्वारा हाईकोर्ट में पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षाओं को इस वर्ष के लिए निरस्त करने की मांग करने के लिए याचिका दायर की गई है । जिसका फैसला 20 मार्च को आना है इसी कड़ी में विधानसभा में की पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं को रद्द करने के लिए शासन से प्रश्न पूछा गया है परंतु शासन की हठधर्मिता के चलते आज एक मासूम बालिका की जान चली गई। अब और कोई बच्चा दबाव के कारण इस प्रकार का कदम ना उठाए इसलिए हमारी सरकार से आज भी अनुरोध है कि पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षा को इस वर्ष के लिए रद्द करें, जिससे अभिभावक, विद्यार्थी और संचालक आपके बहुत-बहुत आभारी रहेंगे ।हम संचालकों एवं विद्यालय के शिक्षकों का सभी से अनुरोध है कि जिनके बच्चे पांचवी और आठवीं कक्षा में अध्यनरत है, वह भी विरोध करें और सरकार से विनय करें कि इस वर्ष 5 और आठवीं की बोर्ड परीक्षा को रद्द किया जाए ।आपके बालकों के ऊपर अतिरिक्त जो दबाव बनाया जा रहा है जिससे उनको मुक्ति मिल सके।

आर्यिका मृदुमति संग तीर्थंकर पालकी यात्रा पहुंची भक्तों के घर

## वैशाली नगर के जैन मंदिर में आदिनाथ जयंती संपन्न



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** पदम जुझार बने सौधर्म इंद्र अनादि कालीन प्राकृतिक जैन दर्शन के तीर्थंकर भगवंतों की असंख्य भूतकालीन चौबीसी हो चुकने के बाद वर्तमान की चौबीसी के प्रथम आदिम तीर्थंकर भगवान ऋषभनाथ व अंतिम चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी हुए। इसी तरह भविष्य काल की भी असंख्य तीर्थंकर चौबीसियां होंगी। ये ज्ञान दिया संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज की आज्ञानुवर्ती साध्वी पूज्य 105 आर्यिका रत्नश्री मृदुमति माता जी ने। जिनके संघ में पूज्य 105 आर्यिका निर्णयमति माता जी व विदुषी ब्रह्मचारिणी वंदनीय पुष्पा दीदी जी दमोह के वैशाली नगर जैन मंदिर में विराजमान होकर तप आराधना कर रही हैं। सरस्वती सिद्ध पूज्य मृदुमति माता जी के हृदय से आगम गंगा प्रवाहमान होकर लेखनी में परिवर्तित होती रहती है। अनेकों आगम साहित्य, विधान आदि की रचियता माता जी की प्रेरणा से मंदिर के निकटवर्ती कालोनियों में निवासरत दिगंबर जैन परिवारों ने भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्मोत्सव व तप-उत्सव धूम-धाम से मनाया। चैत्र कृष्ण नवमी को आदि ब्रह्मा श्री आदिनाथ तीर्थंकर भगवान के जन्मोत्सव व तप उत्सव के उपलक्ष्य में भगवान के श्री जिन बिम्ब (प्रतिमा जी) को सिंहासन सहित एक चमचमाती हुई पालकी में विराजमान कर सर्व प्रथम सुमित-पलाश जैन लहरी व राकेश जैन पलंदी पारसमणि ने अपने कंधों पर उठाने का सौभाग्य पाया। सौधर्म इंद्र बनकर सर्व प्रथम जलाभिषेक व शांति धारा कलश करने का सौभाग्य श्री पदम चंद - ऋषि जैन जुझार वालों ने प्राप्त किया। ईशान इंद्र डॉ. पी. के. जैन, सानत इंद्र अतुल जैन, माहेन्द्र इंद्र एकांत पलंदी के पिताश्री बने। ढोल-मंजीरे के दिव्य घोष ने पूरे वैशाली नगर, श्याम नगर, शिव नगर, एस.पी.एम. नगर, वर्धमान कॉलोनी, श्रीवास्तव कॉलोनी क्षेत्र के आसमान को भगवान के घर-घर पहुंचने के संकेत से गुंजायमान कर दिया। केसरिया ध्वज हवा में लहराकर अहिंसा मय धर्म का संदेश प्रसारित कर रहे थे। आर्यिका रत्नश्री मृदुमति व निर्णयमति माता जी पालकी में विराजे भगवान के साथ - साथ भक्तों के घर-घर के द्वार तक अपनी उपस्थिति से सभी को मुग्ध कर रहीं थीं। आदीनाथ भगवान की जय, विद्या सागर जी महाराज की जय, मृदुमति माता जी की जय के जयघोषों (नारों) से नर-नारियों में आनंद ऊर्जा का संचार हो हुआ। युवाओं सहित सीनियर सिटीजन भी जमकर झूमे-नाचे। घर-घर, द्वारे-द्वारे पालकी में विराजे भगवान के श्री जिनबिंब (प्रतिमा जी) की शुद्ध घी के दीपों से घर-धनी ने आरती उतारी। महिलाओं ने आर्यिका रत्नश्री के चरण धोकर उन्हें वंदामी (नमन) किया। इस अवसर पर पालकी यात्रा कार्यक्रम में सर्व श्री आनंदी लाल, पदम जुझार, राकेश पलंदी, सोनल सिंघई, प्रद्युम्न, अवध शिक्षक, सेवालाल, डॉ.पी.के.जैन, राकेश शिक्षक, विजय कुमार, सुमत लहरी, प्रदीप बजाज, अजित बीमा, गोलू बजाज, नीरज, अतुल, नरेंद्र छिरका, विनोद पिपरिया, विवेक नायक, मोनू, प्रमोद, महेन्द्र, पलाश लहरी, श्रीमति शकुन जुझार, सुनीता, सुलोचना, सुनंदा, साधना पलंदी, मोनिका, नीरजा, सीमा, आशा, हिना पलंदी आदि भक्त महिला-पुरुषों की उपस्थीति रही। मंदिर समिति के अध्यक्ष इंजी.अमर सेठ ने सफल अयोजन की बधाइयां प्रेषित करी। डॉ.जेके जैन, डॉ.आर.के.जैन, रानू ब? राय,राजकुमार खमरिया, महेन्द्र सगरा, जवाहर जैन भी पालकी यात्रा में सम्मिलित हुए।

## बालाघाट के अतिनक्सल प्रभावित ग्राम भक्कूटोला के जंगल में ट्रेनी प्लेन हुआ क्रेश

धू-धू कर जला प्लेन और 2 ट्रेनी पायलट

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट

लांजी- लांजी क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोसमारा के अतिनक्सल प्रभावित ग्राम भक्कूटोला स्थित जंगल पहाड़ी में 18 मार्च को दोपहर करीब 2 से 3 बजे गोंदिया बिरसी एयरपोर्ट का एक ट्रैनी प्लेन क्रेश हो गया घटना में प्रशिक्षु महिला पायलट बी माहेश्वरी निवासी गुजरात एवं इन्स्ट्रक्टर मोहित ठाकुर निवासी हिमाचल प्रदेश के रहने वाले थे दोनो की घटना स्थल पर मृत्यू हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रेनी प्लेन का संपर्क बिरसी एयरपोर्ट से लगभग 2ञ्30 बजे टूट चुका था जिसके बाद यह हादसा घटित हुआ।

**धू-धू कर जल गया प्लेन**-ट्रेनी प्लेन क्रैश हादसे को लेकर ग्राम भक्कूटोला निवासियों जो कि घटना के प्रत्यक्षदर्शी थे जिनके द्वारा घटना के संबंध बताया गया कि 18 मार्च को दोपहर तकरीबन 2 से 3 बजे के मध्य पहाडी के उपरी भाग मे एक प्लेन लडखड़ाता दिखाई दिया कुछ ही पल मे प्लेन पहाड एवं पेड़ो से टकराया और एक बड़ा आग गोला धमाके साथ दिखाई दिया। घटना को देखते ही समझ आ गया था कि जो हवाई जहाज आसमान में उड़ रहा था वह टकराकर फट गया है। उक्त घटना को देखते ग्राम भक्कूटोला सहित आस पास के लोग घटना स्थल क ओर आगे बढे जो कि भक्कूटोला से तकरीब 2 से ढाई किलोमीटर की पहाडी के दुसरी ओर घटना घटित हुई थी। सबसे से स्थानीय लोग उक्त घटना स्थल पर पंहुचे एवं देखा की एक पायलट पूर्ण रूप जलकर चीत अवस्था में पड़ा हुआ तथा दुसरी ओर एक और पायलट जिसकी पहचान नही हो पा रही थी प्लेन के जले हुये मलबे मे दबी समझ आ रही थी, स्थानीय लोगो के द्वारा घटना स्थल के फोटो एवं व्हीडीओ वायरल किया गया है।



**पुलिस एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी को लगी सूचना मौके पर पंहुचे**-घटना की सूचना जैसे ही बालाघाट पुलिस एयरपोर्ट अथॉरिटी को लगते ही घटना स्थल पर आईजी संजय ङ्क्षसह, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ सहित हॉक फोर्स एवं जिला पुलिस बल की टीम, एयरपोर्ट अथॉरिटी से अधिकारी कर्मचारी, पायलट, प्रशिक्षु अधिकारी, इसके अतिरिक्त स्वाथ्स्य विभाग से डॉ मनोज पण्डया, डॉ विक्रम शरणागत सहित अन्य डाक्टर्स की टीम, राजस्व अमले की टीम सहित संबधित अधिकारी कर्मचारी घटना स्थल पर पंहुचकर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की गई।

**दोनो पायलट की हुई शिनाख्त**-उक्त घटना में जहां ट्रैनी प्लेन मे सवार दो पायलट जो कि बिरसी एयरपोर्ट से प्रशिक्षण के दौरान ट्रैनी प्लेन उड़ा रहे थे जो कि प्रतिदिन उक्त क्षेत्र मे हवाई प्रशिक्षण लेते है 18 मार्च को प्रशिक्षु महिला पायलट बी माहेश्वरी जो कि गुजरात प्रदेश कि निवासी है तथा दुसरे ट्रेनिंग अधिकारी मोहित ठाकुर जो कि हिमाचल प्रदेश के बताये जा रहे इन दोनो की इस हृदय विदारक प्लेन हादसे में मृत्यू होना बताया जा रहा है।

**पुलिस को करनी पड़ी भारी मशक्कत**-दोनो ही पायलट के शव को निकालने एवं उसे निचे लाने मे पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। घटना स्थल जो कि अतिदुर्गम जंगल एवं पहाड़ो से घिरा क्षेत्र जिसमे जले हुये प्लेन का मलमा एवं दोनो पायलटों के शव पुलिस के द्वारा बरामद किये गये है। स्थल पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर पुलिस जवानों के द्वारा भारी मशक्कत के साथ शवों को नीच लाया गया जहां से दोनो ही शव को जिला अस्पताल बालाघाट पोस्टमार्टम के लिये ले जाया गया है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478